दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 16 | अंक 358 | सीकर, मंगलवार 24 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8



## बाबा श्याम के दर पर लाखों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका



### मंदिर में सजाया श्याम दरबार

प्रदीप सैनी

**खाटूश्यामजी ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध खाटूश्यामजी के फाल्गुनी लक्खी मेले में लाखों श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन कर चुके हैं। मेले के तीसरे दिन सोमवार को श्याम बाबा का सफेद गुलाब, मोगरा और विदेशी फूलों से श्रृंगार किया गया, मेला 28 फरवरी तक चलेगा। तमिलनाडु, बंगाल और कर्नाटक से आए सफेद गुलाब, मोगरा व अन्य फूलों से बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया है। मंदिर परिसर को लाल, पीले और सफेद कपड़ों से सजाया गया है। मंदिर परिसर में घंटियां लटकाई गई हैं। हवा के साथ घंटियों से संगीत बज रहा है। थर्माकोल शीट पर गढ़ाई कर मंदिर को श्याम दरबार बनाया गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ कम होने की वजह से चारण खेत के सभी जिगजैग अभी नहीं खोले गए हैं और श्रद्धालुओं को जल्दी दर्शन हो रहे हैं। खाटू पहुंचने के बाद दर्शन होने में श्रद्धालुओं को एक घंटे से भी कम समय लग रहा है। इधर रींगस से खाटू तक निशान लिए श्रद्धालुओं के जत्थे आगे बढ़ रहे हैं।

#### तमिलनाडु-बंगाल और कर्नाटक से आए फूल

विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम का फाल्गुन मेला तीन दिन से चल रहा है। मेले के तीसरे दिन तमिलनाडु, बंगाल और कर्नाटक से आए सफेद गुलाब, मोगरा व अन्य फूलों से बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया है। श्रृंगार में फूलों के साथ लाल कपड़े, गुलाबी कढ़ाई का बागा पहनाया गया है।

#### निशान लेकर झूमते-गाते बढ़ रहे भक्त

रींगस से खाटू तक श्याम भक्त नंगे पैर आगे बढ़ रहे हैं। हाथों में निशान और लबों पर बाबा श्याम के जयकारे नजारा देखते ही बनता है। श्याम भक्तों के जत्थे लगातार खाटू की ओर बढ़ रहे हैं। रास्ते में जगह-जगह मान मनुहार के सेवा शिविर लगे हुए हैं। बुजुर्ग हो, महिला हो या पुरुष, हर कोई बाबा श्याम की भक्ति में रंगा हुआ है। श्याम भक्त भजनों पर झूमते हुए खाटू पहुंच रहे हैं।

#### तोरण द्वार पर सेल्फी खिंचवाने और धोक लगाने का दौर

तोरण द्वार पर भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। तोरण द्वार पर सेल्फी खिंचवाने और धोक लगाने का दौर चल रहा है। श्याम भक्त धोक लगाकर दोबारा वापस आने की उम्मीद कर रहे हैं। सेल्फी खिंचवाने का अलग ही तरह का क्रेज देखने को मिल रहा है। श्याम भक्त एकत्र होकर गुलाल उड़ाते हुए बाबा श्याम के भजनों पर थिरकते नजर आ रहे हैं। देश-विदेश से आए श्रद्धालु जयकारों के साथ खाटू पहुंच रहे हैं।



#### 17 किलोमीटर पैदल कॉरिडोर पर लगे सेवा शिविर

रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबे पैदल कॉरिडोर पर जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगे हुए हैं। श्रद्धालुओं के लिए इस बार मंढ़ा मोड़, अलोदा रोड व सांवलपुरा रोड पर अलग-अलग जगह पार्किंग चिह्नित की गई हैं। यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए पार्किंग स्थल से रींगस कस्बा, तोरण द्वार, सीकर धर्मशाला तक ई-रिक्शा चल रहे हैं। ई-रिक्शा का शुल्क 25 रुपए प्रति सवारी निर्धारित किया गया है। रींगस से लेकर खाटूश्यामजी के तोरण द्वार तक जगह-जगह लोग श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने, आराम करने और एक्यूप्रेशर सेवा शिविर की सुविधाएं भी की गई हैं।

## अंतिम व्यक्ति की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए करें कार्य, हमारी सरकार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत- मुख्यमंत्री




जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता कानून की कठिन भाषा को सरल बनाकर समाज को न्याय दिलाने वाले सेतु हैं। जब कोई आम आदमी किसी मुसीबत में होता है, तो वह न्याय की आस लेकर सबसे पहले अधिवक्ता के पास ही जाता है। इसलिए उन्हें समाज के अंतिम व्यक्ति की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कार्य करना चाहिए। शर्मा सोमवार को बनीपार्क स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में दी बार एसोसिएशन जयपुर के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के तीन प्रमुख स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका अपनी-अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाते हुए एक-दूसरे के साथ संतुलन बनाए रखते हैं, तभी एक स्वस्थ और जीवंत लोकतंत्र का निर्माण होता है। अधिवक्ता न्यायपालिका के साथ मिलकर उस संतुलन को बनाए रखने में सहयोग करते हैं और संविधान एवं मौलिक अधिकारों के रक्षक तथा लोकतंत्र के प्रहरी की भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता समाज को न्याय दिलाने के साथ ही आमजन को कर्तव्यबोध भी कराते हैं। उनको भारत को उत्कृष्ट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार सभी को न्याय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। त्वरित न्याय के बिना विकास अधूरा है। प्रदेश में तीन नए कानून को जमीनी स्तर पर लागू किया जा रहा है। इन नए कानूनों के माध्यम से राजस्थान सबसे तीव्र गति से न्याय पहुंचाने वाले राज्यों में से एक बन गया है।

#### बौद्धिक विमर्श, नैतिक अनुशासन और सामूहिक शक्ति का केंद्र-

शर्मा ने बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि दी बार एसोसिएशन जयपुर विधि की परंपरा, अनुशासन, तर्क की परिपक्वता और बौद्धिक उत्कृष्टता का केन्द्र रही है। बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं को न केवल पेशेवर मंच प्रदान करता है, बल्कि बौद्धिक विमर्श, नैतिक अनुशासन और सामूहिक शक्ति का भी केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह संस्था विधिक सुधारों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाती है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने जिला बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, विधायक गोपाल शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन, न्यायाधीश मनीष शर्मा, बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चैयरमेन भुवनेश शर्मा, दी बार एसोसिएशन जयपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमेश चन्द शर्मा सहित बार एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## बीसीएमओ 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की सवाई माधोपुर टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए गंगापुर सिटी के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीसीएमओ डॉ. बत्तीलाल मीणा को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी चिकित्सक ने एक महिला परिवादिया को उसके मूल पदस्थापन स्थान पर वापस लगाने की एवज में इस राशि की मांग की थी। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ब्यूरो की सवाई माधोपुर चौकी को एक परिवादिया ने शिकायत दी कि वह वर्तमान में व्यवस्थार्थ अन्य स्थान पर कार्यरत है। उसे वापस उसके मूल पदस्थापन स्थान पर लगाने के बदले बीसीएमओ डॉ. बत्तीलाल मीणा 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। एसीबी ने शिकायत का गोपनीय सत्यापन करवाया, जिसमें रिश्वत की मांग की पुष्टि हुई। सत्यापन के दौरान ही आरोपी ने 5 हजार रुपये एडवांस ले लिए थे। सोमवार को शेष 25 हजार रुपये की राशि देने की बात तय हुई।

एसीबी भरतपुर रेंज के डीआईजी डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में एएसपी ज्ञान सिंह चौधरी के नेतृत्व वाली टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही डॉ. बत्तीलाल ने परिवादिया से 25 हजार रुपये की रिश्वती राशि थामी, पहले से तैयार एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। एसीबी की इस कार्रवाई से चिकित्सा महकमे में हड़कंप मच गया है। ब्यूरो की टीम आरोपी के कार्यालय और आवास की तलाशी ले रही है, ताकि आय से अधिक संपत्ति या अन्य दस्तावेजों की जांच की जा सके।

## खाटू धाम के लिए रवाना हुआ 378वां ऐतिहासिक प्राचीन श्याम निशान

### महंत मनोहर लाल सैनी के सानिध्य में रवाना हुई पदयात्रा

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** प्राचीन श्री श्याम मंदिर महंत मनोहर लाल सैनी के सानिध्य में सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं के साथ 378वीं विशाल प्राचीन श्याम निशान पदयात्रा शुरू हुई। श्याम निशान पदयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु डीजे की धुनों पर नाचते गाते हुए बाबा के दरबार में हाजरी लगाने के लिए नंगे पांव निकल पड़े हैं। सुलताना, गुढ़ा गौड़जी, गुरारा में रात्रि विश्राम के बाद चौथे दिन सूरजगढ़ का प्राचीन निशान खाटू धाम पहुंचेगा। जहां पर दो दिन के विश्राम के बाद निशान खाटू मंदिर के शिखर बंद पर अर्पित किया जायेगा। सोमवार सुबह सवा 10 बजे विशेष पूजा अर्चना के बाद निशान मंदिर से रवाना हुआ। कस्बे में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर निशान की पूजा अर्चना व स्वागत किया गया। इस दौरान बाबा हाथों में मोर छड़ी लेकर भक्तों को आशीर्वाद देते हुए चलते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते निशान को 10 किलोमीटर चिड़ावा पहुंचने में 8 से 10 घंटे लग जाते है।

#### सैंकड़ों महिलाएं जलती सिगड़ी लेकर पैदल चलती हैं

मंदिर से सबसे पहले बालाजी महाराज का निशान रवाना होता है जो श्याम निशान की अगवानी करता है। तत्पश्चात सैंकड़ों महिलाएं जलती सिगड़ी सिर पर रखकर रवाना होती है जो चार दिन की पदयात्रा में निशान के आगे आगे चलती है। कहते हैं बाबा से मांगी गई मन्नत पूरी होने के बाद महिलाएं सिगड़ी लेकर पैदल बाबा के धाम पहुंचती है।




#### चार दिन के पड़ाव के बाद निशान पहुंचेगा खाटूधाम

निशान पदयात्रा चार दिन के पड़ाव के बाद खाटूधाम पहुंचेगी पहला पड़ाव सुलताना होगा, दुसरे दिन का रात्री विश्राम गुढ़ा गौड़जी में होगा तीसरे दिन निशान रात्री में गुरारा पहुंचेगा जहां पर रात्री विश्राम के बाद चौथे दिन निशान खाटू में प्रवेश करेगा। खाटू पहुंचने पर श्रद्धालु निशान का भव्य स्वागत करके उसे सूरजगढ़ धर्मशाला तक लेकर जाऐंगे। सूरजगढ़ धर्मशाला पहुंचने पर श्रद्धालु दो दिन विश्राम करेगें जहां रात्री में निशान की पूजा अर्चना व प्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। फाल्गुन मास की द्वादशी को निशान को खाटू मंदिर के शिखर बंद पर चढ़ाया जायेगा जो वर्ष भर तक मंदिर पर फहरेगा।

## जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़ ने की राष्ट्रीय अध्यक्ष से शिष्टाचार मुलाकात

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़ ने दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान संगठनात्मक विषयों सहित झुंझुनूं जिले में प्रस्तावित आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने झुंझुनू एनएसयूआई की सक्रियता एवं संगठनात्मक मजबूती की सराहना करते हुए जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़ को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा में झुंझुनूं जिले की एनएसयूआई का सदैव महत्वपूर्ण एवं मजबूत सहयोग रहा है। इस अवसर पर आगामी 28 तारीख को आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष राहुल जाखड़ ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में झुंझुनू जिले से हजारों की संख्या में छात्र दिल्ली पहुँचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। इसे लेकर संगठन स्तर पर व्यापक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। राहुल जाखड़ ने कहा कि संगठन की मजबूती, छात्रहितों की रक्षा और युवाओं की आवाज बुलंद करने के संकल्प के साथ एनएसयूआई निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

## अंडरपास निर्माण कार्य ने फिर पकड़ी गति आमजन की जागरूकता से जागा विभाग

निसं


**लाडनूं ( नवयत्न )।** लाडनूं में रेलवे फाटक 33-सी पर बन रहे अंडरपास का निर्माण कार्य पिछले डेढ़ माह तक बंद रहने से आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। स्थानीय लोगों की जागरूकता और ज्ञापन देने के बाद रेलवे विभाग फिर से हरकत में आया और एक बार फिर यहां अंडरपास निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है। जिसके चलते अब निर्माण कार्य समय पर पूरा होने की उम्मीद जगी है।

**आरसीसी बॉक्स का लॉन्चिंग कार्य हुआ शुरू** -यहां रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में रविवार को रेल ट्रैक को हटाते हुए जेक बनाकर गाडर फिक्सिंग का कार्य किया गया अब सोमवार से यहां आरसीसी बॉक्स को जैक की सहायता से लॉन्च करने के लिए दूसरी साइड स्टेडियम के सामने से अंडरपास खुदाई का कार्य शुरू किया गया है । इसके बाद ट्रैक के नीचे से बॉक्स लॉन्चिंग का कार्य भी किया जाएगा जिसमें करीब एक सप्ताह का समय लगने की संभावना है।

**पुशिंग मैथड की तकनीक से होगा कार्य** -रेल्वे ट्रैक प्रभारी कुलदीप चौधरी ने बताया कि यहां रेलवे ट्रैक पर गाडर फिक्सिंग करने के लिए सीसी करीब की गई है। इसके बाद रेलवे की नई टेक्नीक पुशिंग मैथड का इस्तेमाल करते हुए जैक की सहायता से बॉक्स को पटरी के नीचे खिसकाने का कार्य शुरू किया जाएगा। पुशिंग तकनीक के चलते दोनों बॉक्स के बीच एक ही ज्वाइंट आएगा इससे यहां पानी लीकेज होने की संभावना नहीं रहेगी। इस दौरान मौके पर एईएन विनीत शर्मा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर ट्रैक प्रभारी कुलदीप चौधरी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर वर्क्स आईओडब्ल्यू सतीश चौधरी, राजुसिंह, अन्नू सिंह, भरत सिंह आदि मौजूद रहे।



### कोबरी-सार



# मन की बात के साथ लगा निरोगी शिविर



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर के वार्ड-76 स्थित रोज गार्डन में जनसहभागिता और जनसेवा से जुड़े तीन कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए गए। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया, साथ ही श्निरोगी सांगानेर स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ और क्षेत्रीय विकास कार्यों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने एक साथ बैठकर मन की बात सुनी और प्रधानमंत्री के संदेशों पर चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर श्निरोगी सांगानेर अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया। लिपिड प्रोफाइल सहित कई रक्त जांच की गई, जबकि महिलाओं और 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए टीकाकरण की व्यवस्था भी की गई। विभिन्न चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। इसके साथ ही सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित विशेष पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। पुस्तिका में सड़कों के निर्माण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में नागरिकों ने क्षेत्र में जारी विकास कार्यों पर संतोष जताते हुए जनभागीदारी को मजबूत बनाने की बात कही।

## सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के गहने, कैश ले उड़े बदमाश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना इलाके में सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। परिवार के शादी में जाने का फायदा उठाकर बदमाश घर में घुस गए और करीब आधे घंटे में गहने व नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चोरी की वारदात मंगलम विहार कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार जांगिड़ के घर हुई। 15 फरवरी को वे अपने परिवार के साथ झुंझुनू में एक शादी समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान बदमाशों ने सूने मकान को निशाना बनाया। शनिवार देर रात करीब 12 बजे दो नकाबपोश बदमाश मेन गेट कूदकर घर में घुसे। उन्होंने दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश कर अलमारियों के लॉक तोड़ दिए। बदमाश करीब 7 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के गहने और लगभग 70 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। रविवार को परिवार के वापस लौटने पर चोरी का पता चला। सूचना मिलने पर हरमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। घर के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में दो संदिग्ध बदमाश वारदात करते हुए दिखाई दिए हैं। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 44 ग्राम गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला तस्कर के कब्जे से 44 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी एसआई रामगोपाल ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाली महिला तस्कर तीजा सांसी निवासी गुर्जर की थड़ी जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से 44 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भी जब्त किया गया है। पुलिस आरोपी महिला तस्कर से गांजा खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## नहर के गणेश मंदिर में कल बिखरेगी फागुनी छटा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी के माउंट रोड स्थित श्री गणेश धाम नहर के गणेश जी महाराज में आगामी 25 फरवरी बुधवार को भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। मंदिर में फागोत्सव एवं भव्य भजन संध्या-2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जयपुर की सांस्कृतिक विरासत और फागुनी मस्ती के रंग घुलेंगे। मंदिर के महंत पं. जय शर्मा एवं युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ तड़के 5:30 बजे मंगला आरती के साथ होगा। इस अवसर पर गजानन महाराज का विशेष श्रृंगार कर फागुनी झांकी के दर्शन कराए जाएंगे। जो भक्तों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगी। कार्यक्रम की श्रृंखला में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक महिला भक्तों द्वारा फुलों की होली खेली जाएगी। इस दौरान राजस्थानी लोक नृत्यों और पारंपरिक फाग गीतों की स्वर लहरियां गूंजेंगी। संध्या कालीन आरती के पश्चात देश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजन सरिता बहाई जाएगी। साथ ही फागुनी पदों पर शास्त्रीय कत्थक नृत्य की नयनाभिराम प्रस्तुतियां दी जाएंगी। भक्ति संगीत के आनंद के बीच शाम 7:15 बजे से विशाल पंगत प्रसादी भंडारा शुरू होगी। जिसमें सभी भक्तजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। मंदिर परिवार एवं शिष्यगण कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

# वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार महर्षि का किया सम्मान

निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** डूण्डलोद रोड स्थित अष्टविनायक धाम में वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार महर्षि के भारत सरकार द्वारा स्टैंडिंग गवर्नमेंट काउंसिल एडवोकेट पद पर नियुक्ति के उपलक्ष्य में संजीवनी सामाजिक कल्याण परिषद एवं अष्टविनायक धाम के संयुक्त तत्वावधान में नागरिक अभिनन्दन एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में गोयनका हॉस्पिटल के चिकिसाधिकारी डॉ भास्कर बी रावल बतौर मुख्य अतिथि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए अनिल कुमार अग्रवाल ने की। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुंझुनू अशोक शर्मा, प्रोफेसर मोतीचंद मालू, व्यवसायी शिवकरण जानू, झुंझुनू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन मोरवाल, बाय ग्राम की निर्वतमान सरपंच तारा पूनिया, पंचायती राज संगठन की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुभीता सीगड़, झुंझुनू पीआरओ हिमांशु सिंह, सिंगापुर निवासी समाजसेवी सीए सुभाष कौशिक, नगर पालिका नवलगढ़ के पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, भाजपा के वरिष्ठ किसान नेता मोहनलाल चूड़ीवाल, किशनलाल उपाध्याय, महेश शर्मा, संजीवनी परिषद के अध्यक्ष डॉ दयाशंकर जांगिड़ एवं कमलेश पारीक सहित बतौर विशिष्ट अतिथि मंचस्थ रहे। अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। संजीवनी सामाजिक कल्याण परिषद के सचिव डॉ अनिल शर्मा ने अभिनन्दन पत्र का प्रभावशाली वाचन किया। अधिवक्ता महर्षि की न्याय-साधना, सामाजिक संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को शब्दों की गरिमा के साथ अभिव्यक्त किया गया। क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों द्वारा अधिवक्ता महर्षि को सुमनमाला, साफा, शॉल एवं प्रतीक-चिह्न अर्पित कर सम्मानित किया गया। अष्टविनायक धाम में सम्मान समरोह के साथ उनके चाहने वालों में गौरव, आत्मीयता और नागरिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्य अतिथि डॉ भास्कर बी रावल ने अपने उद्बोधन में अधिवक्ता महर्षि के शालीन व्यक्तित्व, विनम्र संवाद-शैली एवं समाजोन्मुखी दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता होते हुए भी महर्षि सदैव सहज, सुलभ एवं संवेदनशील बने रहे हैं। वे न्याय के उच्च शिखर पर प्रतिष्ठित होते हुए भी सामान्य शुल्क लेकर जरूरतमंदों का सहयोग करते हैं, जो उनके उदार हृदय और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि महर्षि जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान कर समाज में प्रेरणादायी उदाहरण स्थापित करते रहे हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में सीए अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि अश्विनी महर्षि सदैव




मिलनसार, मृदुभाषी एवं सौम्य स्वभाव के धनी रहे हैं। उनकी उपलब्धि सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अधिवक्ता महर्षि की उपलब्धि को न केवल व्यक्तिगत सफलता बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व एवं प्रेरणा का प्रतीक है।

वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ने अतिथियों को पौधे प्रदान कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सीए जितेन्द्र वर्मा, अब्दुल कलाम खत्री, अन्नू महर्षि, एडवोकेट विनोद घुगरवाल, कृष्ण कुमार दायमा, मातादीन पुजारी, हरिप्रसाद पुजारी, मुरारी लाल पुजारी, पंकज शाह, उमेश सहल, प्रदुमन शर्मा, डॉ विनोद सैनी, भंवरलाल जांगिड़, उम्मेद खाजपुरिया, डॉ रिछपाल सैनी, मुरारीलाल इंदौरिया, प्रमोद पचलंगिया, संजय कुमार महर्षि, वीणा झुंझुनूंवाला, पवन पचलंगिया, नागरमल जांगिड़, रामावतार सबलानिया, सुरेश खेतान, पंकज शाह, गंगाधर सुंडा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### विभिन्न संगठनों ने किया सम्मान

इस अवसर पर अनेक प्रतिष्ठित संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार महर्षि का अभिनन्दन किया। जिनमें प्रमुख रहे नवलगढ़ क्लब, अलायंस क्लब, गायत्री परिवार नवलगढ़, आदर्श जाट महासभा जयपुर, नवलगढ़ फल-सब्जी व्यापार मंडल, बेला बाई एम मोरारका विद्या मंदिर नवलगढ़, स्काउट गाइड, श्री शिव गौरा मंदिर ट्रस्ट गोल्याणा, सीकर बार एसोसिएशन, झुंझुनू बार एसोसिएशन, पोद्दार कॉलेज नवलगढ़, राजस्थान ब्राह्मण महासभा, गौड़ ब्राह्मण महासभा, सैनी समाज संस्थान नवलगढ़, महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू, एमजेएफ पत्रकार संगठन नवलगढ़, स्वर्णकार सर्राफ एसोसिएशन, गणेशपुरा विकास समिति, नवलगढ़ टेंट यूनियन, चेतना संस्थान नवलगढ़, अंगिरा सेवा समिति, गोयनका ट्रस्ट, विप्र मंडल मुकुन्दगढ़, श्री नवलगढ़ गौशाला, भारतीय मजदूर संघ, ईश्वर सृष्टि सेवा प्राणयास मुंबई, बैंक ऑफ बड़ौदा नवलगढ़, शब्दाक्षर संस्थान नवलगढ़ सहित अनेक अन्य संस्थाओं ने अधिवक्ता महर्षि का सम्मान किया।

# बीस साल से अपनी ही जमीन के लिए लड़ रहे 350 परिवार दो दशक की कानूनी लड़ाई ने पकड़ी आंदोलन की राह

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के करधनी थाना इलाके में कालवाड़ रोड स्थित आदर्श विहार विकास समिति के करीब 350 प्लॉट धारक परिवार पिछले दो दशकों से अपनी ही जमीन के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं और विवादों के चलते उन्हें अब तक राहत नहीं मिल सकी है। इधर कॉलोनी वासियों का कहना है कि वह शीघ्र ही सभी जनप्रतिनिधियों से मिलकर समाधान की मांग करेंगे। समिति अध्यक्ष रोहिताश मीणा ने बताया कि वर्ष 2002 में 90बी प्रक्रिया के बाद कॉलोनी का विकास किया गया। वर्ष 2000 से 2010 के बीच कई लोगों ने यहां प्लॉट खरीदकर मकान बनाए और तब से लगातार रह रहे हैं। लेकिन जमीन के दाम बढ़ने के बाद काश्तकारों ने दावा कर दिया कि उन्होंने जमीन बेची ही नहीं। इसके बाद विवाद बढ़ता हुआ संभागीय कार्यालय, राजस्व बोर्ड और अंततः राजस्थान उच्च न्यायालय तक पहुंच गया। लेकिन समाधान नहीं निकल पाया। समिति के विधि सलाहकार अशोक भारद्वाज ने बताया कि कॉलोनी का विकास पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर हुआ और करीब छह साल तक सब कुछ सामान्य रहा। वर्ष 2008 में काश्तकारों ने 90बी को चुनौती देते हुए जमीन बेचने से ही इनकार कर दिया। इसके बाद मामला विभिन्न न्यायिक और प्रशासनिक स्तरों पर चला। लेकिन स्पष्ट समाधान नहीं निकल सका। समिति संस्थापक अमन भारद्वाज ने बताया कि 8 अक्टूबर 2024 को वर्ष 2002 की



उसी 90बी को आधार बनाकर जयपुर विकास प्राधिकरण में नया नक्शा पेश किया गया और उसे मंजूरी भी मिल गई। नए नक्शे में भूखंडों के नंबर और आकार बदल दिए गए। जहां पहले से मकान बने हुए है, वहां 60 फीट सड़क दर्शा दी गई। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि जब जोन-12 कार्यालय में कैंप की सूचना जारी हुई तो 100 से अधिक कॉलोनीवासी वहां पहुंच गए और अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई। लोगों का आरोप है कि फाइलों को तेजी से आगे बढ़ाया गया और उनकी आपत्तियों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया। कॉलोनीवासी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही प्लॉट धारकों ने समय-समय पर थानों में शिकायत दी हैं और हाल ही में एक मामला भी दर्ज हुआ है। दस्तावेजों में हस्ताक्षर को लेकर फोरेंसिक जांच भी कराई गई थी। हालांकि अभी तक विवाद का अंतिम समाधान सामने नहीं आ पाया है। इसके अलावा समिति के पदाधिकारियों की ओर से यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही स्थानीय झोटवाड़ा विधायक राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से मिलने का प्रयास किया गया है। लेकिन किसी प्रकार कोई रास्ता नजर नहीं आने और बीस सालों से किसी प्रकार का कोई न्याय नहीं मिलने पर कॉलोनी वासियों ने थक हार कर सरकार और प्रशासन को 15 दिन का समय दिया है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन, प्रदर्शन और विधानसभा घेराव जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि एक-एक पाई जोड कर खरीदी गई इस जमीन के लिए उन्हें आमरण-अनशन करने की जरूरत पड़ी तो वह परिवार सहित खडे है। गौरतलब है कि करीब दो दशक से चल रहे इस विवाद में 80-85 वर्ष के बुजुर्गों से लेकर मध्यमवर्गीय परिवार तक न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अब नजर प्रशासन के अगले कदम पर है कि क्या इन परिवारों को उनका अधिकार मिल पाएगा या मामला फिर लंबित रह जाएगा।

## भद्रा और चंद्रग्रहण ने बढ़ाया संशय : होली की तारीख पर चर्चा तेज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** होली के त्योहार की तारीख को लेकर इस बार लोगों में भ्रम की स्थिति बन गई है। इसकी मुख्य वजह फाल्गुन पूर्णिमा पर पड़ रहा चंद्रग्रहण, भद्रा का प्रभाव और अलग-अलग राज्यों में घोषित अवकाश हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन, चंद्रग्रहण और रंगों की होली तीन अलग-अलग दिनों में होगी। ज्योतिष परिषद एवं शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम गौड़ के अनुसार इस बार फाल्गुन पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण लग रहा है, इसलिए परंपरागत समय में होलिका दहन संभव नहीं है। भद्रा के कारण 2 मार्च को प्रदोष काल में होलिका दहन शास्त्र सम्मत नहीं माना गया है। ऐसे में भद्रा समाप्ति के बाद रात्रि के चौथे प्रहर में होलिका दहन करना उचित रहेगा। उन्होंने बताया कि 2 मार्च की देर रात लगभग 1:25 से 2:37 बजे के बीच होलिका दहन का श्रेष्ठ मुहूर्त रहेगा। वहीं सूर्योदय से पहले 3 मार्च सुबह 5:19 से 6:55 बजे तक भी दहन किया जा सकता है। इस वर्ष 3 मार्च को दोपहर 3:21 बजे से शाम 6:47 बजे तक चंद्रग्रहण रहेगा, जो भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण का सूतक नौ घंटे पहले से प्रभावी हो जाता है। इस आधार पर सुबह करीब 6:21 बजे से सूतक लग जाएगा। सूतक काल में मंदिरों के कपाट बंद किए जाते हैं और पूजा-पाठ, भोजन तथा अन्य शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। इसी कारण ग्रहण वाले दिन रंग-गुलाल खेलना भी शुभ नहीं माना जा रहा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 3 मार्च की शाम ग्रहण समाप्त होने के बाद शुद्धिकरण और स्नान किया जाएगा। इसके अगले दिन यानी 4 मार्च को धुलंडी और रंगों की होली मनाई जाएगी। उधर सरकारी अवकाश को लेकर भी लोगों में असमंजस बना हुआ है। राजस्थान सरकार ने 2 मार्च को होलिका दहन और 3 मार्च को धुलंडी का अवकाश घोषित किया है, जबकि दिल्ली और हरियाणा में होली का अवकाश 4 मार्च को रखा गया है। इस कारण लोगों के बीच त्योहार की सही तारीख को लेकर चर्चा बनी हुई है। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नवीन जैन के अनुसार राज्य सरकार के अवकाश भारत सरकार के कैलेंडर के अनुसार घोषित किए जाते हैं। वहीं कर्मचारी संगठनों का कहना है कि पंचांग एक होने के बावजूद अलग-अलग राज्यों में अलग तिथियों पर अवकाश से भ्रम की स्थिति बनती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष होली का क्रम स्पष्ट हैकृ2 मार्च की देर रात होलिका दहन, 3 मार्च को चंद्रग्रहण और 4 मार्च को रंगों की होली मनाई जाएगी।

## दिनदहाड़े घर में घुसे बदमाश : वाटर टैंक का लोहे का चेंबर ले उड़े

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के नारायण विहार थाना इलाके में दिनदहाड़े चोरी की एक अनोखी वारदात सामने आई है। बदमाश घर के बाहर खड़ी स्कूटी से आए और घर में घुसकर वाटर टैंक के ऊपर लगा लोहे का चेंबर चोरी कर ले गए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार घटना नारायण विहार थाना स्थित पत्रकार कॉलोनी रोड की है, जो नारायण विहार थाना क्षेत्र में आती है। रविवार दोपहर करीब तीन बजे स्कूटी पर सवार दो युवक इलाके में पहुंचे। दोनों ने पहले घर के बाहर खड़े होकर स्कूटी स्टार्ट करने का बहाना करते हुए आसपास की रेकी की। इसके बाद एक युवक मेन गेट खोलकर घर के अंदर घुस गया, जबकि दूसरा बाहर स्कूटी के पास खड़ा रहा। अंदर गया युवक कुछ ही सेकेंड में पोर्च में रखे वाटर टैंक के ऊपर लगा लोहे का चेंबर उठाकर बाहर ले आया। उसने चेंबर को स्कूटी के आगे रखा और दोनों मौके से फरार हो गए। करीब एक घंटे बाद घरवालों को चेंबर गायब होने का पता चला। इसके बाद उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी, जिसमें स्कूटी सवार दोनों बदमाशों की पूरी करतूत कैद मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के इलाकों के कैमरों की भी जांच की जा रही है ताकि बदमाशों का सुराग मिल सके।

# लूट और आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट और आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे तीन बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट और आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे लोकेश सिंह शेखावत 22 निवासी गुढ़ागोडली जिला झुंझुनू हाल खोराबीसल जयपुर, सन्नी उर्फ साहिल 21 निवासी झोटवाड़ा जयपुर और राघव खांडल उर्फ रवि 22 निवासी खोराबीसल जयपुर को निवारू लिंक रोड करधनी क्षेत्र में मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि रविवार रात करधनी थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक हथियारों के साथ इलाके में घूम रहे हैं और



किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही विशेष टीम ने निवारू लिंक रोड पर घेराबंदी कर तीनों युवकों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जिसके बाद तीनों को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि लोकेश सिंह शेखावत अगस्त 2025 में रोहतक हरियाणा पुलिस पर फायरिंग के मामले में जेल में बंद बदमाश आजाद सिंह गुढा का छोटा भाई है। वहीं सन्नी उर्फ साहिल पूर्व में रात के समय राहगीरों से लूट और अपहरण की वारदातों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। राघव खांडल उर्फ रवि पर भी पूर्व में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। तीनों आरोपी रात्रि के समय राहगीरों से मारपीट कर लूट करने के आदी बताए जा रहे हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सन्नी के खिलाफ नीमराना, करधनी और झोटवाड़ा थानों में गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। कुछ मामलों में चालान पेश किया जा चुका है, जबकि कुछ अभी जांच अधीन हैं। पुलिस तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि इनके गिरोह और अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

# रावण हत्था डाक्यूमेंट्री के पोस्टर का विमोचन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर कला केंद्र में संस्कार भारती द्वारा आयोजित लोक कला संगम कार्यक्रम के समापन अवसर पर राजस्थान की प्राचीन लोक वाद्य परंपरा पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म ष्रावण हत्था के पोस्टर का विमोचन राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर फिल्म के निर्देशक अरविंद चौधरी ने बताया कि प्रदेश की लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से यह डाक्यूमेंट्री संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के लिए तैयार की गई है। जल्द ही यह फिल्म वेस्ट जोन सेंटर के आधिकारिक पेज पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। चौधरी ने बताया कि रावण हत्था राजस्थान का अत्यंत प्राचीन लोक वाद्ययंत्र है। जिसे विशेष रूप से भोपा समाज के कलाकार बनाते और साधना के साथ बजाते हैं। यह वाद्य न केवल संगीत का माध्यम है, बल्कि लोक आस्था, परंपरा और इतिहास का जीवंत प्रतीक भी है। फिल्म का निर्माण लोक कला संस्कृति को विलुप्त होने से बचाने तथा नई पीढ़ी में इसके प्रति जागरूकता और गौरव की भावना जागृत करने के उद्देश्य से किया गया है। यह डाक्यूमेंट्री न केवल ष्रावण हत्था जैसे प्राचीन वाद्य की गाथा को सामने लाती है, बल्कि राजस्थान की लोक आत्मा को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त प्रयास है। निर्देशक अरविन्द चौधरी ने अपनी टीम के साथ लगभग छह माह तक शोध कार्य किया और राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भोपा कलाकारों से संवाद स्थापित कर इस विरासत को कैमरे में सहेजा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि संस्कार भारती जैसी संस्थाओं के माध्यम से हमारी लोक कला और संस्कृति को नया मंच और नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि जवाहर कला केंद्र में आयोजित लोक कला संगम का उद्देश्य भी प्रदेश की समृद्ध




सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना और कलाकारों को सम्मान देना है। इस अवसर पर अश्विन दलवी, बनवारी लाल चेजारा, महावीर मूर्तिकार, नवीन कुमार, सुमित और कमलेश शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## मिंत्रा ग्लैमफेस्ट टूर जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी जयपुर पहुंचा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश के मुख्य कैंपसों से होते हुए मिंत्रा युवा-केंद्रित फैशन और म्यूजकि सेलिब्रेशन के साथ जयपुर पहुँच गया है। मिंत्रा ग्लैमफेस्ट टूर 27 फरवरी को जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी जयपुर के वार्षिकोत्सवजेयू रिद्म 26 में आयोजित होगा। एक्टर-म्यूजिशियन फरहान अख्तर के साथ यह जयपुर की सबसे अधिक अपेक्षित यूथ कैंपस ईवेंट्स में से एक होगी, जिसमें संगीत, फैशन और स्टूडेंट्स की संस्कृति के बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। कैंपस-फर्स्ट प्लेटफॉर्म के रूप में डिजाइन किया गया मिंत्रा ग्लैमफेस्ट टूर क्रिएटिविटी, इंडिविड्युअलिटी और साझा सांस्कृतिक अनुभव पर केंद्रित होगा। जयपुर एक मजबूत युवा फैशन बाजार के रूप में उभर रहा है। ट्रेंड-फर्स्ट स्टाइल में युवाओं की रुचि बढ़ रही है। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में इस टूर द्वारा मिंत्रा का उद्देश्य एक दिलचस्प ऑन-ग्राउंड अनुभव का निर्माण करना है, जो कैंपस लाइफ की एनर्जी और फैशन डिस्कवरी को एक साथ लेकर आए। मिंत्रा के सीनियर डायरेक्टर, ब्रांड, अभिषेक गौर ने कहा कि हम यूथ क्रिएटिविटी के साथ कैंपस कल्चर का जश्न मनाने के लिए मिंत्रा ग्लैमफेस्ट टूर को जयपुर की जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी लाकर बहुत उत्साहित हैं। यह एडिशन दिलचस्प, फैशन-फॉरवर्ड अनुभवों का निर्माण करने पर हमारा निरंतर फोकस प्रदर्शित करता है, जो युवाओं को हमसे जोड़ते हैं। मल्टी-टैलेंटेड फरहान अख्तर इस शाम को और अधिक रंगीन बना देंगे। उनका रॉक और सोल का मिश्रण आज के युवाओं को बहुत पसंद आएगा। इस ईवेंट में मिंत्रा एक्सपीरियंस जोन सभी के आकर्षण का केंद्र होगा। यह एक इंटरैक्टिव फैशन प्लेग्राउंड है, जो फिजिकल सेटिंग में डिजिटल डिस्कवरी पेश करता है। इसमें स्ट्रीट कल्चर, पॉप एस्थेटिक्स और स्ट्रीट-स्टाईल फैशन से प्रेरित स्टाइलिंग चैलेंज, सोशल-फर्स्ट और दिलचस्प गेम्स होंगे, जो प्रदर्शित करेंगे कि आज जेन जी फैशन का उपयोग किस प्रकार करते हैं। एक्सपीरियंस जोन में स्टूडेंट्स मिंत्रा ऐप द्वारा ट्रेंड्स खोज सकेंगे, एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकेंगे और रिवार्ड अनलॉक कर सकेंगे, जिससे डिजिटल एक्सप्लोरेशन का अनुभव ऑफलाइन मिलेगा। इस ईवेंट में कैंपस टैलेंट द्वारा शोकेज और परफॉर्मेंस देखने को मिलेंगी। स्टूडेंट्स ओरिजनल म्यूजकि, डांस और क्रिएटिविटी पेश कर सकेंगे। जश्न का समापन फरहान अख्तर की लाईव परफॉर्मेंस के साथ होगा, जिनकी डायनामिक स्टेज प्रेजेस और बेहतरीन म्यूजकि युवाओं को बहुत पसंद आते हैं । यह एक हाई-एनर्जी फिनाले होगा।

## बच्चों और शिक्षकों को दी अध्यात्म की शिक्षा



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जेविभा स्थित महाप्रज्ञ प्रोग्रेसिव स्कूल में आचार्य श्री महाश्रमण का पावन आगमन हुआ। जिससे संपूर्ण विद्यालय परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। मुख्य द्वार पर एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके उपरांत गुरुदेव ने कंप्यूटर लैब, स्मार्ट पैनल युक्त कक्षाएंए कॉन्फ्रेंस रूम, पुस्तकालय, एनसीसी कक्ष, किंडरगार्टन, कॉम्पोजिट लैब, छात्रावास और स्पोर्ट्स एरीना का निरीक्षण किया। ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ नमोकार मंत्र और अर्हम वंदना से हुआ। जर्नी फ्रॉम स्कूल टू स्कूल विषय पर शिक्षिका आयशा आरा की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। प्रधानाचार्या रचना बालानी ने विद्यालय की प्रगति, शैक्षणिक उपलब्धियों, दोनों विंग्स के विकास, छात्रावास के नवीनीकरण और आधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी। चित्रा बैद ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। मंगल पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राहुल गांधी से की शिष्टाचार भेंट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने देश के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से शिष्टाचार भेंट कर उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने 28 फरवरी को आयोजित होने वाले पदभार ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रण भी प्रदान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जाखड़ ने कहा कि एक साधारण गरीब परिवार से आने वाले कार्यकर्ता पर विश्वास जताते हुए सौंपा गया यह ऐतिहासिक दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि संगठन की गौरवशाली विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प है। उन्होंने इस देश के युवाओं की आवाज़ को सशक्त बनाने, छात्रहित एवं सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने तथा संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने का अवसर बताया। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन, दूरदर्शी नेतृत्व और संघर्षशील विचारधारा से प्रेरणा लेते हुए वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ एनएसयूआई को मजबूत करने, युवाओं को संगठित करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राहुल गांधी के विश्वास और स्नेह के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विश्वास उनके लिए प्रेरणा और संकल्प दोनों है। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मिलकर देश के युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में सतत प्रयास किए जाएंगे।

## कैफे की आड में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने मारी रेड

**जयपुर ( नवयत्न )।** बजाज नगर थाना पुलिस ने थाना इलाके में स्थित कैलाशपुरी में संचालित डियोना कैफे की आड़ में चल रहे अवैध हुक्का बार में रेड मारी है। पुलिस जानकारी के अनुसार कैफे की आड में ग्राहकों को हुक्के की सप्लाई की जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हुक्का पी रहे पन्द्रह व्यक्तियों का कोटपा एक्ट में चालान भी किया गया है और साथ ही हुक्के मय पाइप.चिलम फ्लेवर आदि के बरामद हुए। इसके अलावा कैफे कर्मचारी को गिरफ्तार भी किया है। थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कैलाशपुरी स्थित डियोना कैफे में अवैध रूप से ग्राहकों को हुक्का पिलाया जा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन में गोल्ड मेडल जीतने पर खिलाड़ियों का किया स्वागत

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ एशिया व इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंडो-इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि में सरदारशहर के खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय पुरुष टीम में शामिल खिलाड़ी हर्ष और महिला टीम में शामिल कुमकुम सोनी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम योगदान दिया। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। खिलाड़ियों के सरदारशहर पहुंचने पर अशोक स्तंभ से विजय जुलूस निकाला गया। डीजे और देशभक्ति नारों के बीच निकला यह जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ गांधी चौक पहुंचा। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और माला पहनाकर खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। विजय जुलूस में शामिल शहर के युवक-युवतियां देशभक्ति गानों पर नाचते हुए चल रहे थे। हर्ष धेतरवाल ने इस जीत का श्रेय अपनी माता और अपने पिता छगनलाल व अपने कोच हनुमान चौधरी को दिया है। गांधी चौक में आयोजित सम्मान समारोह में जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, राजस्थान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष केशरीचंद शर्मा, लालचंद मूंड, कांग्रेस नेता जितेंद्र राजवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, पूर्व जिलापरिषद सदस्य श्योकरण पोटलिया, पार्षद शोभाकान्त स्वामी, जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव रामलाल जाखड़, अध्यक्ष हनुमानमल चौधरी, प्राचार्य रतिराम पूनिया, पारीक मंडल अध्यक्ष शंभुदयाल पारीक एवं विप्र फाउंडेशन नगर अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने खिलाड़ियों को साफा व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि सरदारशहर के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता और निरंतर अभ्यास से भविष्य में भी ऐसे ही स्वर्णिम परिणाम आने की उम्मीद जताई।

## श्याम बाबा के जागरण में झूमे श्रद्धालु



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित श्याम कटला में रविवार देर शाम को श्री श्याम मित्र मंडल के सौजंय से श्याम बाबा महोत्सव का आयोजन किया गया। पूर्ण मल सैनी की मुख्य यजमानी में पं. अरूण नागवान ने विधिवत रूप से श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर श्याम बाबा के महोत्सव का शुभारंभ किया। अटेली की ईश्वर अहरोदिया इशू म्यूजिक पार्टी के कलाकार हिमांशु चौधरी, संदीप जांगड़ा, राजू रंगीला, ईश्वर सिंह अहरोदिया ने एक से बढ़ कर श्याम बाबा के भजन प्रस्तुत कर समा बांध दिया। गायकों ने उस बांसुरी वाले की, उस नीले घोड़े वाली की गोदी में सो जाऊंए मेरा जी करता है श्याम के भजनों मे खो जाऊ, थाली भरगै ल्याई रे खीचड़ो ऊपर घी की बाटकि, ईश्वर अहरोदिया ने कीर्तन की है रात, बाबा आज थाने आनो है, मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने यह दोनों हाथ देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ आदि भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

ईशू के भजन प्रस्तुत करने पर पुरा पांडाल हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा के जय घोष से गुंज उठा। महोत्सव के समापन पर आरती व प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर आयोजन समिति के प्रमोद शर्मा ने बताया कि 28 फरवरी को श्याम बाबा का भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर महेन्द्र कुमावत, नवीन मोदी, बसंत सैनी, दीपक मोदी, खेम चन्द सैनी, हीरा लाल, रामनिवास, दामोदर, संजीव ओला, बाबुलाल, प्रहलाद अग्रवाल, समाज सेवी बाबूलाल सैनी, जुगल किशोर सैनी, गुलज़ारी, प्रमोद स्वामी, नवीन मोदी, प्रदीप, प्रेम सिंह छापोला, हंसा मीणा, सुमित्रा देवी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद उठाया। संचालन विमल शर्मा, संजय जिंदड़ ने किया।

## निशान के साथ रवाना हुई जीवन ज्योति रक्षा समिति की टीम



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** चार दिन तक निशान यात्रा के साथ श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवा देते हुए खाटु पहुंचने वाली जीवन ज्योति रक्षा समिति टीम को रवाना किया गया। सोमवार को प्राचीन श्याम निशान यात्रा के साथ जाने वाली मेडिकल टीम को एसआई ताराचंद, सुलताना प्रभारी राजेश जांगिड़, लोकतंत्र सेनानी व समिति संरक्षक सज्जन अग्रवाल, समिति अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा, भामाशाह इंद्र सैनी, राधेश्याम जांगिड़, समिति सचिव बलवान भास्कर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मेडिकल टीम में 25 समिति सदस्य व 10 गाड़ियां रवाना हुई है जो चार दिन तक मेडिकल कैंप लगाकर श्रद्धालुओं की चिकित्सा सेवा करेंगे। इस मौके पर संचालक अशोक जांगिड़, सुमेर सिंह यादव, डॉ. सवाई सिंह, रविंद्र सांगवान, सज्जन कुमावत, सज्जन सैनी, श्योराम कुमावत, बालमुकुंद छापड़िया, धर्मेंद्र कुमावत, रमेश सैनी, आलोक शर्मा आदि उपस्थित थे।

## आज पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पीएचईडी नगर उपखंड के सहायक अभियंता पुनित सैनी ने बताया कि शहर के बिवानी पंप हाउस स्थित स्वच्छ जलाशय में 24 फरवरी को सफाई कार्य किया जाएगा। इस कारण झुंझुनू शहर के कुछ क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में पिपली चौक, अंसारी कॉलोनी, मणि विहार, जैन दादा बाड़ी के पास का क्षेत्र तथा मलसीसर रोड पर गाय की मूर्ति के आसपास का इलाका शामिल है। विभाग ने नागरिकों से आवश्यकतानुसार पहले से पानी संग्रहित करने की अपील की है।

## भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर युवाओं ने रखे विचार

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसकी मुख्य थीम ष्आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में संवाद एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना, नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ को सुदृढ़ बनाना था, ताकि जागरूक एवं सक्रिय नागरिकों की नई पीढ़ी का निर्माण हो सके। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मंजू चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा वर्ग को सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति सजग रहकर सकारात्मक योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक परंपराओं को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में कुल 12 प्रतिभागियों ने प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके प्रभाव एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पड़े दूरगामी परिणामों पर चर्चा की। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पांच प्रतिभागियों पूजा तंवर, सोनिया, भारतेंदु, मंताशा कपूर एवं आनिया राठौड़ का राज्य स्तर के लिए चयन किया गया।

कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी एवं सदस्य सचिव मधु यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने युवाओं के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने और नेतृत्व कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। निर्णायक मंडल में राजकीय महाविद्यालय मलसीसर के प्राचार्य प्रो. मनोज कुल्हार, राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रो. संजीव कुमार, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद कुमार, मनु धनखड़ तथा एपीआरओ विकास चाहर ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकांक्षा डूडी एवं डॉण् बरखा सिंह ने प्रभावी ढंग से किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विकास मील ने विकसित भारत की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से राष्ट्र के समग्र विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

## हाथी पार्क का हुआ लोकार्पण



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ीनगर में सोमवार को हाथी पार्क के नवीनीकरण के बाद लोकपर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसीसी कार्यपाल निदेशक एवं ईकाई प्रमुख जीडी गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एस शिव दर्शी, मनीष गंवई, आफिसर एसोसिएशन अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना, विपिन शर्मा, सीआई राकेश कुमार थे। जबकि अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि हरिराम गुर्जर ने की। सरती देवी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काट कर पार्क का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीडी गुप्ता ने कहा कि केसीसी टाउनशिप की स्थापना के साथ आमजन की सुविधाओं के लिए खेल मैदान व पार्क स्थापित किए गए थे। जिसका आमजन को काफी फायदा भी मिल रहा था। लेकिन पिछले काफी समय से इन पार्कों का सही समय पर रखरखाव नहीं होने के कारण इनकी स्थिति खराब होने लगी थी। आमजन के सामने आ रही समस्याओं को देखते हुए इन पार्कों का नवीनीकरण करवाया गया है, जिससे आमजन को काफी फायदा मिल पाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बिगड़ी खानपान के चलते लोग बिमारियों से ग्रस्त हों रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को योग के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा योग के माध्यम से रोग को दूर किया जा सकता है। केसीसी प्रोजेक्ट द्वारा सामाजिक क्षेत्र में अनेक बेहतर कार्य करवाएं जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिल रहा है। प्रोजेक्ट द्वारा समय-समय पर अनेक जागरूक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे आमजन को बेहतर राहत मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस मौके पर थानाधिकारी राकेश कुमार, एस शिवदरशी मनीष गली, हरिराम गुर्जर, हसरत हुसैन, विपिन शर्मा, आलोक जैदिया, रमेश पांडे, बाबूलाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहै।

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण और पुजारी प्रोटेक्शन बिल को लेकर संतों और समाज के प्रतिनिधियों ने भरी हुंकार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के बाईस गोदाम स्थित धरना स्थल पर सोमवार को सर्व समाज राजस्थान के बैनर तले आयोजित विधानसभा धरने में संतों और समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी एकजुटता दिखाई और अपनी लंबित मांगों को लेकर हुंकार भरी। विधानसभा सत्र के बीच आयोजित इस धरने में आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग ईडब्ल्यूएस को पंचायत व निकाय चुनावों में आरक्षण देने और मंदिर माफी की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने सहित पांच सूत्रीय मांगों पर पुरजोर आवाज उठाई गई। धरने में विप्र महासभा के संस्थापक सुनील उदैया ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते इन न्यायसंगत मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आगामी दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। स्वामी राघवेंद्र ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से पुजारी प्रोटेक्शन बिल और मंदिर माफी की जमीनों के संरक्षण पर जोर देते हुए सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों का मांग-पत्र प्रशासन को सौंपा कि ईडब्ल्यूएस वर्ग को पंचायत और स्थानीय निकाय चुनावों में जनसंख्या के अनुपात में उचित आरक्षण दिया जाए। वहीं विप्र कल्याण बोर्ड, देवस्थान बोर्ड और ईडब्ल्यूएस बोर्ड का गठन कर उन्हें बजट आवंटित करते हुए प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। साथ ही आर्थिक पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए 500 करोड़ रुपये का विशेष बजट प्रावधान हो और प्रदेश के प्रत्येक जिले में इस वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक हॉस्टल बनाए जाएं। इसके अलावा प्रदेश में लगातार बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए पुजारी प्रोटेक्शन बिल तुरंत लागू किया जाए और मंदिर माफी की बेशकीमती जमीनों को भू-माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया जाए और यूजीसी एक्ट, एससी-एसटी एक्ट और अन्य जाति आधारित कानूनों की समीक्षा कर उन्हें न्यायसंगत बनाने की मांग की गई। इधर विधानसभा घेराव की चेतावनी के चलते बाईस गोदाम और आसपास का क्षेत्र सुबह से ही पुलिस छावनी में तब्दील नजर आया। बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा और सुरक्षा कारणों से कई मार्गों पर यातायात डायवर्ट करना पड़ा। दोपहर बाद सर्व समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन के उच्च अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने दो टूक कहा कि यह हक और न्याय की लड़ाई है। जो मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी।

## भाजपा की बैठक कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को अजमेर में होने वाली जनसभा व पंचायती राज चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक 25 फरवरी बुधवार को होगी। बैठक दोपहर 2 बजे जिला कार्यालय में होगी। बैठक को जिला संगठन प्रभारी पूर्व विधायक अभिषेक माटोरिया, जिला संगठन सहप्रभारी पूर्व विधायक अनिता गुर्जर संबोधित करेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ करेंगे। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि बैठक में जिले के शीर्ष नेतृत्व, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा व मंडलों के पदाधिकारी, मंडलों के प्रभारी, सभी जनप्रतिनिधि, पूर्व पदाधिकारी सहित जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना से पशुपालकों को राहत

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत राज्यभर की तरह झुंझुनू जिले में भी पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की कार्रवाई जारी है। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक की योजना में पशुपालकों के दुधाः एवं अन्य उपयोगी पशुओं का निःशुल्क बीमा सुनिश्चित किया है, जिससे आकस्मिक मृत्यु या बीमारी से होने वाले नुकसान का मुआवजा मिलता है। राजस्थान सरकार की आधिकारिक योजना पोर्टल के मुताबिक, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लक्ष्य राज्य में 42 लाख पशुओं के लिए बीमा कवरेज प्रदान करना है। इस योजना के पहले चरण में 21 लाख पशु दुधारू गाय, भैंस, भेड़, बकरी और ऊंट आदि का बीमा निःशुल्क किया जाना प्रस्तावित है। बीमा के तहत मिले नुकसान पर अधिकतम 40,000 तक का मुआवजा देने का प्रावधान है, जिससे ग्रामीण पशुपालक आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें। पशुपालन विभाग और जिला प्रशासन ने झुंझुनू में योजना के पंजीकरण शिविर और अभियान चलाए हैं, जिसमें पशुपालकों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने, मोबाइल ऐप के जरिये आवेदन करने और जानकारी लेने में मदद दी जा रही है। बीमा कवरेज के लिए जन आधार कार्ड, पशु की पहचान और अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा है कि योजना से ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को व्यापक लाभ मिलेगा और इन परिवारों की आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी।

### योजना की मुख्य बातें

यह योजना राजस्थान सरकार द्वारा बजट के तहत संचालित है और लगभग 400 करोड़ का खर्च शामिल है। बीमा कवरेज में गाय, भैंस, भेड़, बकरी और ऊंट शामिल हैं। नागरिकों को खुद कोई बीमा प्रीमियम नहीं देना होताय यह सरकार की ओर से निःशुल्क प्रदान किया जाता है। बीमा का लाभ केवल पंजीकृत और चयनित पशु को मिलेगा। चयन प्रक्रिया में आवेदन और सत्यापन शामिल हैं।

### झुंझुनूं में प्रभाव

झुंझुनू के ग्रामीण इलाके, जहां पशुपालन आजीविका का मुख्य साधन है, वहां इस योजना ने आर्थिक जोखिमों में कमी लाने में मदद की है। छोटे एवं सीमांत पशुपालकों ने बीमा पंजीकरण करवा लिया है और अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया जारी है। जिला पशुपालन अधिकारी ने बताया कि सभी हितग्राहियों को शीघ्र योजना का लाभ मिल सके, इसके लिये अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

### पशुपालकों के लिए निर्देश

पशु का पंजीकरण समय पर कराएं। जन आधार तथा आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन सुनिश्चित करें। आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में तुरंत स्थानीय पशु चिकित्सालय या विभाग को सूचित करें। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना झुंझुनू में पशुपालकों के लिये एक महत्वपूर्ण आर्थिक सुरक्षा कवच बनकर उभर रही है, जिससे ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संकट से बचने में सहायता मिल रही है और पशुपालन व्यवसाय को सुरक्षित रूप से बढ़ावा मिल रहा है।

## सम्पादकीय

# बांग्लादेशी और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के बीच साठगांठ, भारत की चिंता बढ़ी




दिल्ली पुलिस की ओर से तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किए गए आठ संदिग्ध आतंकवादियों के बारे में जिस तरह यह जानकारी सामने आई कि वे देश की राजधानी में किसी बड़े हमले की साजिश रच रहे थे, उससे यही पता चलता है कि आतंकी संगठनों का दुस्साहस कम होने का नाम नहीं ले रहा है। तमिलनाडु और बंगाल से जो आतंकी गिरफ्तार किए गए, उनमें से अधिकांश बांग्लादेशी हैं, लेकिन वे पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्करे तैयबा के इशारे पर काम कर रहे थे।

उनका हैंडलर बांग्लादेश में बैठा एक कुख्यात कश्मीरी आतंकी बताया जा रहा है। इसका मतलब है कि बांग्लादेशी और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के बीच साठगांठ कायम हो गई है। यह एक नया खतरा है और इससे भारत की चिंता बढ़ जाना स्वाभाविक है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के आतंकी तत्वों के बीच साठगांठ पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में तब हुई, जब मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का संचालन कर रहे थे।

यह किसी से छिपा नहीं कि इस दौरान उन्होंने न केवल अपने देश के भारत विरोधी कट्टरपंथी तत्वों को उकसाने का काम किया, बल्कि पाकिस्तान से संबंध बढ़ाने में भी जुटे रहे। हैरानी नहीं कि इस सबके चलते पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के सरगना बांग्लादेश पहुंचे हों। जो भी हो, भारत की सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता है, क्योंकि कश्मीर के बहाने आतंकी तत्वों को बहकाने और उकसाने का काम जारी है।

दिल्ली पुलिस की ओर से पकड़े गए आतंकियों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि उन्होंने दिल्ली और कोलकाता में भारत विरोधी पोस्टर चस्पा किए थे। इन पोस्टरों की छानबीन के तहत ही दिल्ली पुलिस संदिग्ध आतंकियों तक पहुंची। ध्यान रहे कि कुछ महीने पहले दिल्ली में लालकिले के निकट धमाका करने वाले आतंकी के साथियों ने भी इसी तरह श्रीनगर में भारत के खिलाफ पोस्टर लगाए थे।

श्रीनगर में लगाए गए पोस्टरों की छानबीन से ही फरीदाबाद के उस आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ हुआ था, जिसमें कई डाक्टर शामिल थे और जिनमें से एक ने आत्मघाती हमलावर बनकर लालकिले के निकट कार में विस्फोट किया था। ये दोनों घटनाएं यही बताती हैं कि पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों को प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए और उनकी गहन जांच भी करनी चाहिए। दिल्ली पुलिस के हाथ आए संदिग्ध आतंकियों के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं और वे उन्हीं के जरिये तमिलनाडु एवं कोलकाता में काम कर रहे थे। इसका अर्थ है कि लोगों को इसके लिए आगाह किया जाए कि वे किसी को काम पर रखने के पहले उनके पहचान पत्रों की जांच सावधानी से करें।

## विशेष आलेख

# जाति संघर्ष का सर्वसमावेशी समाधान वक्त की जरूरत

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के दिशा-निर्देशों से ना सिर्फ जाति विमर्श केंद्र में आ गया है, बल्कि हिंदू समाज जातीय खांचे में बंटता नजर आ रहा है। आर्थिक और शैक्षिक विकास की वजह से जाति विभाजन की जो रेखाएं मध्यम पड़ने लगी थीं, वे एक बार फिर गहरी होती नजर आ रही है। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद जैसा स्पष्ट विभाजन हिंदू समाज में दिख रहा था, कुछ उसी राह पर एक बार फिर समाज बढ़ता दिख रहा है। जाति के तवे पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाले कुछ दल यूजीसी की गाइडलाइन को लागू करने के लिए छात्रों के बीच जाति विमर्श की आंच को हवा दे रहे हैं तो इस गाइडलाइन के विरोध में खड़े सवर्ण समाज के लोग भी अपने समाज के छात्रों को लामबंद करने में प्राणपण से जुटे हुए हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट के बाद जिस तरह नया राजनीतिक विमर्श खड़ा हुआ, जिससे कुछ राजनीतिक दलों और शख्सियतों को उभरने का मौका मिला, कुछ वैसे ही हालात एक बार फिर बनते दिख रहे हैं। अगर यूजीसी गाइडलाइन का सर्वसमावेशी हल नहीं खोजा गया तो हिंदुत्व की राजनीति पर भी असर पड़ सकता है। हिंदू एकता का सपना भी खतरे में पड़ सकता है।




राजनीति के बारे में एक धारणा है। सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास ने जाति विभाजन को जहां कमजोर किया, वहीं राजनीति इसे जिंदा करने में सफल हुई है। सामाजिक यात्रा में पिछड़ी रह गई जातियों के उत्थान के नाम पर राजनीति ने जाति विमर्श को केंद्र में लाने का सबसे बड़ा योगदान विश्वनाथ प्रताप सिंह को जाता है, जिन्होंने देवीलाल के राजनीतिक रसूख को काबू में करने के लिए 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट पर पड़ी धूल को झाड़ा और उसे लागू कर दिया। पैंतीस साल पहले के उस फैसले ने समाज को बुरी तरह विभाजित कर दिया। मंडल आयोग के खिलाफ तकरीबन समूचा उत्तर भारत धधक उठा था। सवर्ण समुदाय के छात्रों और नौजवानों को अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगा था। उन्होंने खुद को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। विश्वनाथ प्रताप सिंह कविता भी करते थे। कवि को लेकर धारणा है है कि वह कोमल हृदय का स्वामी होता है। लेकिन आग की लपटों के बीच धू-धूकर जवानी को जलती देखकर भी कवि हृदय प्रधान मंत्री नहीं पसीजे थे। उस दौर के शरद यादव सवर्ण समाज के कटु आलोचक और पिछड़ावादी राजनीति के प्रबल पैरोकार के रूप में उभरे। मंडल आयोग की रिपोर्ट से समाज के बीच जो खाई पैदा हुई, बाद की राजनीति ने उसे और ज्यादा चौड़ा और गहरा ही किया है।

पिछड़ों को आरक्षण को समाज ने स्वीकार कर लिया था, तभी दूसरे सवर्ण और मनमोहन सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने साल 2006 में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की शुरूआत कर दी। इसके विरोध में एक बार फिर युवा राजनीति उभरी। यूथ फॉर इक्वलिटी के बैनर तले दिल्ली में इस फैसले के खिलाफ युवा सड़कों पर उतर पड़े। इस आंदोलन के चलते भी सामाजिक विभाजन बढ़ा। शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में आरक्षण के विरोधी समुदायों और इसके समर्थक समुदायों के बीच एक बार फिर विभाजक रेखा गहरी हुई। इससे भी देश उबर रहा था कि यूजीसी की गाइडलाइन आ गई और फिर से एक बार भारतीय समाज गहरे अंतरद्वंद्व और सामाजिक संघर्ष से जूझने लगा। यह संघर्ष अभी समाज में सीधे तो नहीं दिख रहा, लेकिन विश्वविद्यालयों के परिसर इसके चलते उबल रहे हैं। एक तरफ इस गाइडलाइन के समर्थक हैं तो दूसरी तरफ उसके विरोधी।

आज पिछड़ावाद, दलितवाद, अल्पसंख्यकवाद और महिलावाद का जोर है। इन तबकों के उभार के विचार को सामाजिक न्याय करीब साढ़े तीन दशकों से स्वीकार किया जा रहा है। इन वादों को सामाजिक लोकवृत्त यानी पब्लिक स्फीयर के केंद्र में लाने का विचार समाजवादी राजनीतिक दलों का रहा है, लेकिन इसे मूर्त रूप में लाने वाले कांग्रेसी मूल के राजनेता ही रहे हैं। समाजवादी दलों के ही परोक्ष समर्थन से पहली बार तीस मई 1933 को बिहार के मौजूदा रोहतास जिले के करगहर में त्रिवेणी संघ की स्थापना हुई थी। जिसमें कोइरी यानी कुशवाहा, कुर्मी और यादव जातियों के नेता साथ आए थे और पिछड़ावादी राजनीति की नींव डाली थी। एक तरह से जातिवादी राजनीति की नींव आजादी के पहले ही पड़ गई थी। मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करते वक्त विश्वनाथ प्रताप सिंह भले ही जनता दल नामक समाजवादी विचारधारा वाले दल के नेता थे, लेकिन महज तीन साल पहले तक वे कांग्रेसी थे। अर्जुन सिंह भी कांग्रेसी ही थे। आज राहुल गांधी भी जाति जनगणना को लेकर उत्साहित नजर आते हैं। पता नहीं राहुल गांधी को पता है या नहीं, अर्जुन सिंह और विश्वनाथ प्रताप सिंह को जानकारी जरूर रही होगी। राहुल गांधी की दादी के पिता और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 27 जून 1961 को देश के मुख्यमंत्रियों के नाम तीस पैराग्राफ का एक लंबा खत लिखा था। उसके चौबीसवें से छब्बीसवें पैरे में नेहरू ने आज की जाति आधारित आरक्षण को एक तरह से नकार दिया है। उस चिट्ठी में उन्होंने भारत को बनाने को लेकर उनकी जो सोच रही, उसका गहन जिक्र किया है। इस पत्र में नेहरू स्पष्ट रूप से अपने विचार को जाहिर करते हैं। वे आरक्षण आधारित विकास और समाज नहीं चाहते थे, बल्कि ज्ञान केंद्रित समाज का विकास चाहते थे। नेहरू के लिखा था, मुझे किसी भी रूप में आरक्षण पसंद नहीं है। खासकर नौकरियों में आरक्षण। मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूं जो अक्षमता को बढ़ावा देता है और हमें औसत दर्जे की ओर ले जाता है।

यूजीसी की गाइडलाइन का विरोध कर रहे लोग अगर आज यही बात कहें तो उन्हें सामाजिक न्याय का विरोधी माना जाएगा। मंडल आयोग की रिपोर्ट पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद से जिस तरह का राजनीतिक विमर्श स्थापित हुआ, उसमें सवर्ण समाज अपने लोगों के विकास और आरक्षण विरोध की बात करने की हिम्मत नहीं दिखा पाता था। ऐसा करने से उसे दकियानूस माने जाने का खतरा नजर आता था। इसलिए उसने चुप्पी साधे रखी। लेकिन बाद के वर्षों में एससी-एसटी कानून का सवर्ण समाज के खिलाफ जारी दुरूपयोग ने सामाजिक रूप से आगे माने जाते रहे वर्णों और जातियों को मौका मिला। बाढ़ का पानी जब नाक तक पहुंच जाता था, तब व्यक्ति उससे बचाव के लिए छटपटाने लगता है। सवर्ण समाज के लिए यूजीसी की गाइडलाइन नाक तक पहुंचा बाढ़ का पानी है। उसी पानी से बचाव की छटपटाहट ही है कि गाइडलाइन के खिलाफ समूचे देश के सवर्ण समाज में गहन क्षोभ और गुस्सा नजर आ रहा है। अब सवर्ण समुदाय के नौजवान तर्क देने से हिचक नहीं रहे कि जब पिछड़ावाद हो सकता है, दलितवाद प्रगतिशील विचार हो सकता है, अल्पसंख्यकवाद सामाजिक न्याय का प्रतीक हो सकता है तो ब्राह्मणवाद या सवर्णवाद दकियानूस क्यों? सवर्ण समुदाय के बच्चों का कहना है कि माना कि उनके पूर्वजों ने गलती की तो उसकी सजा हम क्यों भुगतें। ध्यान देने की बात है कि राममंदिर आंदोलन के बाद सवर्ण समाज ने पूरी तरह बीजेपी का दामन थाम लिया। उसे बीजेपी में अपनी दबी भावनाओं की अभिव्यक्ति की राह दिखती रही है। लेकिन यूजीसी की गाइडलाइन से वह भौंचक्क रह गया। यही भौंचक्कापन अब गुस्से के रूप में नजर आ रहा है। सत्ता पर निगाह जमाए बैठे विपक्षी दल पर्दे के पीछे से इस गुस्से को हवा दे रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में उन्हें पिछड़ा वोटर के बिदकने का खतरा भी नजर आ रहा है, इसी सोच के चलते वे गाइडलाइन के खिलाफ खुलकर कुछ बोलने से बच रहे हैं।

ऐसा नहीं कि बीजेपी में इस आफत की काट नहीं खोजी जा रही होगी। बीजेपी संगठन और सरकार के आलानेता इस जातीय विमर्श को ठंडा करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। लेकिन इस समस्या का समाधान ढूंढ़ने में जितनी देर होगी, जाति विमर्श उतना ही बढ़ेगा। अगर सवर्ण समुदाय का गुस्सा ठंडा नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बीजेपी की चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए ऐसे करें कोकोनट ऑयल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल

बालों को हेल्दी बनाए रखने के लिए लोग तमाम तरह के शैंपू और हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन मार्केट में मौजूद ज्यादातर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं और इनका इस्तेमाल बालों के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। बालों की अच्छी केयर के लिए प्राकृतिक और हर्बल चीजों का इस्तेमाल ज्यादा फायदेमंद होता है। बालों के अच्छे विकास के लिए नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इन तीनों चीजों में मौजूद गुण और पोषक तत्व बालों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। शहद का इस्तेमाल करने से आपके बालों से जुड़ी कई गंभीर परेशानियां दूर होती हैं। इसके अलावा नारियल तेल और एलोवेरा में विटामिन ई समेत कई अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए भी बहुत उपयोगी होते हैं।



### बालों की ग्रोथ बढ़ाने में उपयोगी

बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए नारियल तेल, शहद और एलोवेरा का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इनमें विटामिन ई, प्रोटीन समेत एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। नियमित रूप से इन तीनों चीजों से बना हेयर मास्क या हेयर पैक लगाने से आपके बालों की ग्रोथ बहुत तेजी से बढ़ती है।

### बालों को सिल्की बनाने में फायदेमंद

नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बालों को सिल्की और शाइनी बनाने में बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इन चीजों में कंडीशनिंग गुण होते हैं, जो बालों के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं।

### बालों को मजबूत बनाने में फायदेमंद

बालों को हेल्दी बनाए रखने और समस्याओं से बचाने के लिए एलोवेरा और नारियल तेल का इस्तेमाल पुराने समय से किया जा रहा है। नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल करने से आपके बालों को पर्याप्त पोषण मिलता है। इसका इस्तेमाल बालों को मजबूत बनाने का कम करता है।

### डैंड्रफ से दिलाए छुटकारा

डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से सीबम को कम करने में बहुत फायदा मिलता है और स्कैल्प को अच्छी तरह से साफ करता है।

# लाइट जलाकर सोने की आदत सेहत पर पड़ सकती है भारी, इन बीमारियों का बढ़ जाता है खतरा

हमारे आसपास कई लोगों को रात में लाइट जलाकर सोने की आदत होती है। जिसका मुख्य कारण अंधेरे से लगने वाला डर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाइट ऑन करके सोना आपकी सेहत पर बेहद हानिकारक असर डालता है। आपको बता दें कि यहां पर हम बात सिर्फ रूम लाइट की नहीं बल्कि आपके टीवी या लैपटॉप की रोशनी की भी कर रहे हैं। इन सब की रोशनी आपके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। साल 2022 में हुए एक स्टडी के मुताबिक, लाइट की रोशनी में सोने वाले लोगों ने बताया कि उन लोगों ने अच्छी नींद ली। लेकिन मस्तिष्क की रिकॉर्डिंग करने से सामने आया कि उन्होंने बहुत कम गहरी नींद ली है।

बता दें कि गहरी नींद लेना संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। लाइट जलाकर सोने वाले लोगों में मेटाबॉलिज्म और हार्ट पर प्रभाव होने की अधिक संभावना रहती है। इसके अलावा ऐसे लोगों के ब्लड सैंपल से पता चला कि कमरे की रोशनी में एक रात सोने से प्रतिभागियों के इंसुलिन प्रतिरोध में इजाफा हुआ है।



**मोटापे का खतरा :** महिलाओं पर किए गए अध्ययन से सामने आया है कि रूम लाइट या टीवी ऑन करके सोने वाले लोगों को गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। वहीं ऐसा करने वाले लोगों में मोटापे का जोखिम ज्यादा होता है। लाइट बंद कर सोने वाले लोगों को इन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं मोटापे के खतरे से कई गंभीर बीमारियों को भी बुलावा मिलता है। इसलिए अगर आप भी लाइट जलाकर सोते हैं तो आपको भी अपनी इस आदत को जल्द ही छोड़ना चाहिए।

**डिप्रेशन :** इसके अलावा रात में लाइट जलाकर सोने से अवसाद यानि की डिप्रेशन का जोखिम बढ़ जाता है। इतना ही नहीं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली तेज नीली लाइट आपके मूड और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। बता दें कि लाइट नींद की कमी से संबंधित है। लाइट जलाकर सोने से मूड स्विंग होने और स्वभाव में चिड़चिड़ापन पैदा कर सकती है। साथ ही आपको अवसाद का भी सामना करना पड़ा सकता है। इसलिए नींद के दौरान लाइट जलाने से बचना चाहिए।

**ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना :** रात में सोने के दौरान लंबे समय तक लाइट को जलाकर रखने से आपका ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। इससे आपको डायबिटीज और इंसुलिन प्रतिरोध होने का खतरा बना रहता है। इसलिए कोशिश करें कि इस आदत को जल्दी छोड़ा जा सके। क्योंकि नींद का सीधा संबंध हमारी सेहत से होता है। लाइट शरीर के सिस्टम को डिस्टर्ब करने का काम करती है। जिससे कि आपकी बॉडी में बायोमैकेनिकल बदलाव होने लगते हैं। इस दौरान आपको हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज होने का खतरा रहता है।

**अपनाएं ये उपाय :** अगर आपको लाइट के बिना नींद नहीं आती है तो आप नॉर्मल लाइट के बजाय लाल रंग के बल्ब का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक रिसर्च में पाया गया है कि अन्य रंगीन बल्बों के समान लाल नाइट बल्ब मेलाटोनिन उत्पादन पर हानिकारक प्रभाव नहीं डालते हैं। लेकिन इसका भी लंबे समय तक इस्तेमाल किए जाने से बचना चाहिए। साथ ही अगर आप सेहत संबंधी किसी भी समस्या से परेशान है तो आप डॉक्टर की भी सलाह ले सकते हैं।

# लिवर के लिए जहर का काम करता है अल्कोहल

लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग होता है। यह केवल 2-4 नहीं बल्कि पूरे 500 फंक्शन को करने के लिए जिम्मेदार होता है। इसलिए लिवर के खराब होने पर यह हमारे शरीर के लगभग सभी हिस्सों को प्रभावित करता है। वहीं अल्कोहल लिवर को तेजी से सड़ाने का काम करता है। जरूरत से ज्यादा मात्रा में अल्कोहल का सेवन करने से लिवर में फैट जमा होने लगता है। इसी कारण से सिरोसिस, अल्कोहलिक हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां घेर लेती हैं। शराब के अलावा खराब खानपान और अनियमित जीवनशैली भी लिवर को डैमेज करने काम करते हैं। बता दें कि लिवर खुद से ठीक भी होता है। लेकिन इसके लिए जरूरी होता है कि शराब आदि का सेवन बंद कर दिया जाए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन लक्षणों के बारे में बताएंगे, जिन्हें समय रहते पहचान कर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

**अल्कोहल से लिवर को नुकसान :** अल्कोहल से होने वाले लिवर के नुकसान के संकेतों को लोग अक्सर गलत समझ लेते हैं, जिसके कारण अधिकतर मामलों में



गंभीर बीमारी का पता देर से चलता है। आपको बता दें कि इन संकेतों में ये लक्षण शामिल हैं: 1- पेट में दर्द रहना 2- अक्सर थकान रहना 3- उल्टी 4- बीमार महसूस करना 5- दस्त 6- भूख नहीं लगना।

### लिवर सड़ने के लक्षण

अल्कोहन के सेवन से आपका लिवर सड़ चुका है तो इसका सीधा असर आपके शरीर पर दिखता है। जब भी आपको अपने शरीर में ये लक्षण दिखने लगें तो आपको समझ जाना चाहिए है। अब शराब पीने पर कंट्रोल करने की जरूरत है। 1-पीलिया 2-पैरों, टखने और पेट पर सूजन 3- 3-बुखार और कांपना 4-स्किन पर खुजली और बालों का झड़ना 5-तेजी से वजन कम होना 6-कमजोरी महसूस होना 7-भ्रम और याद्दाश्त कमजोर होना 8-नींद न आना 9-उल्टी में खून आना 10-काले रंग का शौच 11-शराब पीते ही सेंसिटिविटी का बढ़ना।

**फैटी लिवर के नुकसान :** शराब पीने से लिवर फैटी हो जाता है। इसका सीधा संकेत होता है कि भविष्य में आपका कोई ऐसा नुकसान हो सकता है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। आपको बता दें कि फैटी लिवर होने के कारण एक तिहाई से ज्यादा पेशेंट एल्कोहलिक हेपेटाइटिस का शिकार होते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### वृष

डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है।

### मिथुन

स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

### कर्क

भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### सिंह

कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कन्या

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

### तुला

तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी। घर में मांगलिक कार्य हो सकता है।

### वृश्चिक

चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### धनु

रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

### मकर

विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

### कुंभ

मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

### मीन

यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

## फर्जी पट्टे बनाकर प्लॉट बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन बताया कि पीड़ित की शिकायत पर एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि दीपक अग्रवाल ने अपने साथी के साथ मिलकर एक प्लॉट के फर्जी कागजात तैयार किए और उसे बेच दिया। जिस पर एयरपोर्ट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए आरोपित विमलेश शर्मा 40 निवासी भांडा खेड़ा, थाना आंधी, जिला जयपुर ग्रामीण ओर दीपक अग्रवाल 50 निवासी फ्लैट नंबर 107, एपल रेजिडेंसी, कटारिया कॉलोनी, श्याम नगर, जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दीपक अग्रवाल प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त का काम करता है। वह सिद्धार्थ नगर और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से खाली पड़े प्लॉटों की जानकारी जुटाता था। इसके बाद सोसायटी से वास्तविक मालिक का नाम पता करता और उसी नाम के किसी व्यक्ति को ढूंढकर फर्जी पट्टा तैयार करवाता था। इसके जरिए एक प्लॉट के कागजात अपने नाम से फर्जी बनाकर बेच दिया गया, जबकि दूसरे प्लॉट के लिए उसी नाम के व्यक्ति के जरिए नकली सोसायटी पट्टा बनाकर बिक्री कर दी गई। इस तरीके से आरोपियों ने बड़ी रकम हासिल की। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई। मोबाइल कॉल डिटेल और मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में थाना अधिकारी रूपनारायण यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अब मामले में अन्य संभावित लोगों की संलिप्तता और ठगी की कुल राशि की जांच कर रही है।

## कृपा श्याम की भजन संध्या आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के श्याम प्रेमी परिवार के सौजन्य से चूरू-सरदारशहर बाईपास मार्ग पर खेतरपाल मंदिर के पास विनायक रिसोर्ट में बाबा श्याम का भव्य कार्यक्रम कृपा श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्याम प्रेमी प्रदीप सरावगी और रेणु सरावगी ने बताया कि कार्यक्रम में गायकार तुषार चौधरी कोलकाता, सोमेश जैन जयपुर, महेश पारीक मुंबई, शिवम जैन कानपुर, संगीत हनुमान म्यूजिकल ग्रुप मुंबई, श्याम श्रृंगार शंकर सैन जयपुर ने श्याम बाबा के भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जिसे सुनकर श्याम भक्त नाचने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पधारे श्याम भक्त देर रात्रि तक श्याम बाबा के भजनों पर झूमते रहे। कार्यक्रम में श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर सजाया गया भव्य दरबार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत आदि आकर्षण का के केंद्र रहे। रात को सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में तारानगर सहित दूर-दराज क्षेत्र के सैकड़ो श्याम भक्त मौजूद रहे।

## साइबर फ्रॉड के 50 हजार करवाए रिफण्ड

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर पुलिस ने साईबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुये साईबर फ्रॉड के हुए 50 हजार रूपये की राशि वापिस परिवादी के खाते मे रिफण्ड करवाई है। थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि 08 दिसम्बर 2025 को कस्बे के कुलवन्त चौधरी ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवायी कि उसके पास नासिर नाम के एक अनजान आदमी का फोन आया और कहा कि उसका चचेरा भाई जो कोलकाता में रहता है जो एक्सीडेंट में घायल हो गया है और हॉस्पिटल में भर्ती है। मैंने अपने भाई को फोन किया लेकिन उसका फोन बंद था। फिर नासिर ने मुझसे एक लाख रुपये भेजने को कहा। मैं डर गया और उसके अकाउंट में 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में मुझे पता चला कि यह एक फ्रॉड कॉल था। फिर उसने पैसे वापस करने का वादा किया लेकिन बाद में उसने मुझे ब्लॉक कर दिया है। उक्त शिकायत के आधार पर साईबर पोर्टल पर परिवाद दर्ज की गई। परिवादियों द्वारा साईबर पोर्टल पर दर्ज करवाई गई परिवाद पर पुलिस ने साईबर पोर्टल पर प्राप्तशुदा परिवाद का अवलोकन कर परिवादी से जांच कर परिवादी के खाते से स्थानान्तरित हुई राशि को ट्रेस कर त्वरित आवश्यक कार्यवाही करते हुये परिवादी के खाते से स्थानान्तरित हुई 50 हजार रूपये की राशी हॉल्ड करवाई एवं राशी परिवादी के खाते मे रिफण्ड करवाई।

## दहेज प्रताड़ना के दो अलग-अलग मामलों में मुल्जिमान को 1-1 वर्ष की सजा

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठासीन अजयदीप सिह ने 7 वर्ष पुराने दो अलग.अलग मामलों में मुल्जिमानों को 1-1 वर्ष साधारण कारावास व 10-10 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है। परिवादीया की तरफसे पैरवी कर रहे एडवोकेट निर्मल कुमार व एडवोकेट मुकेश शर्मा ने बताया कि बांय गांव के परिवादीया विमला व सुमन ने मुल्जिम प्रवीण तथा रवि कुमार व अपने ससुराल वालों के खिलाफदो अलग-अलग मुकदमें एफ.आई.आर. नं. 141/2018 व 143/2018 अंतर्गत धारा 498, 406 व 323 भा. द.स. में न्यायालय से इस्तगासा के आधार पर तारानगर थाने में दर्ज करवाये थे जिस पर पुलिस ने अनुसंधान कर रवि कुमार व प्रवीण कुमार के खिलाफ न्यायालय के समक्ष चार्जसीट पेश की थी, न्यायालय ने पत्रावली पर आये गवाहानों के ब्यानों, वकीलों की दलीलों व विभिन्न तथ्यों के आधार पर निर्णय सुनाते हुए मुल्जिमानों को धारा 406 में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त, धारा 498, भा.द.स. में 1-1 वर्ष के साधारण कारावास व 10.10, हजार रूपये के अर्थदण्ड तथा धारा 323 भा.द. स. में 3-3 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। परिवादीया की तरफसे पैरवी एडवोकेट निर्मल कुमार व मुकेश शर्मा ने की।

## एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को 14 साल का कारावास

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने पुलिस थाना में दर्ज 10 वर्ष पुराने प्रकरण एफआईआर नंबर 215/15 सेशन संख्या 6/16 के मामले में हरियाणा के कालावाली थाना क्षेत्र के दादू निवासी अभियुक्त वकील सिँह पुत्र गुर बहादुर सिँह को एनडीपीएस एक्ट में दोष सिद्ध घोषित कर 14 साल के कठोर कारावास व 2 लाख रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है एवं अर्थदंड जमा नहीं करवाने पर आरोपी को एक साल का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।



## खाटूधाम के लिए 41 सदस्यों जत्था आज होगा रवाना

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में सोमवार को दोपहर तीन बजे श्री श्याम सेवा मित्र समिति के सानिध्य में दास बालाजी मंदिर से भव्य निशान यात्रा रामानंद सोनी, गोविंद पूनिया, राहुल सैनी के नेतृत्व में सैकड़ों श्याम प्रेमियों के द्वारा निकाली गयी जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड स्थित पूनरासर बालाजी मंदिर पहुँची। पंडित बृजेश दाधीच ने पूजा अर्चना करवाई। ध्वज यात्रा में इत्र व पुष्प वर्षा भी की गयी। वही श्याम प्रेमी मुकेश श्रीमाल के द्वारा पुष्प वर्षा के साथ श्याम प्रेमियों को जूस पिलाया गया तथा रथ पर विराजमान खाटू श्याम के शीश का नगर भम्रण करवाया गया। श्याम प्रेमी बाबा के निशान को हाथों में लेकर बाबा के जयकारे के साथ नाचते गाते हुए पहुँचे।

आज सुबह 7 बजे 41 सदस्यों का जत्था खाटू श्याम के लिए पैदल रवाना होंगे। इस अवसर पर श्रवण सैनी, कालूराम जाट, बिट्ठल दाधीच, हनुमानमल काकरीवाल सहित अनेक श्याम प्रेमी मौजूद रहे ।

## एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर 26 को

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुंझुनू द्वारा एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर दिनांक 26 फरवरी को प्रात: 10 बजे से रोजगार कार्यालय परिसर, झुंझुनू में आयोजित होगा। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुंझुनू सहायक निदेशक दयानंद यादव ने बताया कि शिविर में देश की प्रतिष्ठित निजी कंपनियां भाग लेंगी और विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इस अवसर पर सैकण्डरी, सीनियर सैकण्डरी, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की फोटोप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लानी होगी। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर साक्षात्कार देना होगा।

## सूरजगढ़ निशान का किया स्वागत

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** सूरजगढ़ के प्राचीन श्याम दरबार मंदिर से मनोहर लाल सैनी के नेतृत्व में बाबा श्याम का निशान रवाना हुआ। निशान रवानगी से पहले महाआरती हुई। निशान खाटू श्याम के लिए हजारों की संख्या में पदयात्रियों के साथ रवाना हुआ। महिलाएं सिर पर सिगड़ी लेकर बाबा श्याम के जयकारों के साथ रवाना हुई है। पदयात्रा चिड़ावा पहुंचने पर बाईपास से लेकर सूरजगढ़ रोड, खेतड़ी रोड, कबूतरखाना, नया बस स्टैंड, स्टेशन रोड, सुलताना रोड तक जगह-जगह यात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। तीन जगह निशान का ठहराव भी हुआ। जहां पर निशान की आरती की गई। वहीं पुष्पवर्षा और जयकारों के बीच निशान यात्रा खाटू की ओर रवाना हो गई। सैनी ने बताया कि पदयात्रा का पहला पड़ाव सुलताना, दूसरा पड़ाव गुढ़ागौड़जी, तीसरे पड़ाव गुरा में होगा। चौथे दिन निशान खाटू श्याम पहुंचेगा। ये निशान दशमी तिथि को खाटू पहुंचेगा और द्वादशी को सुबह शुभ मुहूर्त में खाटू श्याम के मंदिर में निशान बाबा को समर्पित करने के बाद शिखर पर निशान चढाया जाएगा। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं सिर पर सिगड़ी रखकर चल रही थी। महिलाओं ने बताया कि मन्नत को लेकर सिगड़ी लेकर जाती हैं और मन्नत पूरी होने पर भी जलती हुई सिगड़ी चढ़ाने जाते हैं।

## सभी विभाग ई-डाक मॉड्यूल में करें आवश्यक पत्राचार : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं, गतिविधियों, संपर्क पोर्टल एवं आवश्यक सेवाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि आमजन को विभागीय सेवाएं समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से मिलें। इसके लिए अधिकारी अपने विभागीय कार्यों का नियमित एनालिसिस करें तथा आमजन से जुड़े प्रकरणों का संवेदनशीलता से निस्तारण करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से 15 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों और असंतुष्टि वाले मामलों को निस्तारित करें। इसी के साथ सभी विभाग आवश्यक पत्राचार ई-डाक मॉड्यूल में ही करें। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय अधिकारी और विकास अधिकारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना में लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन प्राथमिकता से पूर्ण करें। इसके लिए निकाय व ब्लॉकवार पेंडेंसी का एनालिसिस करें तथा यथाशीघ्र सत्यापन सुनिश्चित करें ताकि पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहें। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना और पूर्व में संचालित राजश्री योजना के लाभार्थियों के भुगतान के संबंध में शिकायतों का समुचित निस्तारण किया जाए। संपर्क पोर्टल पर भी इन योजनाओं से जुड़ी शिकायतों में त्वरित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता से निस्तारित करें। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों से कहा कि 01 अप्रैल से नए सत्र के दौरान विद्यालयों में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाना है। शिक्षा अधिकारी और आईसीडीएस अधिकारी सुनिश्चित करें कि आंगनबाड़ी से आने वाले सभी योग्य बच्चों का स्कूलों में समय पर एडमिशन हो जाए। डीओआईटी के द्वारा आईस्टार्ट के तहत ब्लॉकवार आयोजित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों में विद्यालयी बच्चों की भागीदारी बढ़ाई जाए। इसी क्रम में पीएमश्री स्कूलों के लिए लगाए गए प्रभारी अधिकारी दो दिवसों में स्कूलों की विजिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन हेतु आवश्यक कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करें तथा समुचित क्रियान्विति के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें। इसी के साथ ओपन जिम, अटल ज्ञान केन्द्र के कार्य तथा डीएमएफटी में स्वीकृत कार्यों को पूर्ण करवाएं। मानसून-2025 के दौरान क्षतिग्रस्त भवनों के पूर्ण हो चुके मरम्मत कार्यों के बिल भुगतान हेतु भेजें तथा प्रगतिरत कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किए जाएं।



## भीमराव अम्बेडकर लाइब्रेरी की आधारशिला रखी

निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** सर्व समाज की पहल पर ग्राम चनाना में शिक्षा एवं जागरुकता को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय कदम उठाते हुए सर्व समाज की भागीदारी एवं जनसहयोग से डॉ भीमराव अम्बेडकर लाइब्रेरी की आधारशिला रखी गयी। आधारशिला के अवसर सर्व समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं व नवाचार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो आगे चलकर मील का पत्थर आने वाले समय में साबित होगी। शिलान्यास कार्यक्रम में सर्व समाज के गणमान्य नागरिक, ग्राम पंचायत प्रशासक चनाना के मुखिया चरणसिंह धींवा के मुताबिक लाइब्रेरी को अत्य आधुनिक और डिजिटल बनाया जाएगा। लाइब्रेरी की निर्माण में धन की कमी नहीं आएगी हम सब मिलकर इसका निर्माण अति सुंदर तरीके से करवाएंगे जरूरत पड़ी तो भामाशाहों एवं प्रशासनिक स्तर पर लाइब्रेरी के लिए राशि स्वीकृत कराने का प्रयास किया जाएगा। लाइब्रेरी निर्माण में भामाशाहों एवं समस्त ग्रामीणों एवं आये हुए हुए अतिथियों बढ़-चढ कर आर्थिक सहयोग किया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में सरदारशहर सड़क मार्ग पर ढाढरिया चारणान के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रैफर कर दिया। बीकानेर ले जाते समय रतनगढ़ में उसकी मौत हो गई। मृतक नेपाल निवासी 27 वर्षीय प्रेम था, जो सरदारशहर में ठेके पर मजदूरी का कार्य करता था। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई नरीसिंह ने रतननगर पुलिस को रिपोर्ट दी है, जिसमें किसी भी प्रकार की पुलिस कार्रवाई नहीं करने का उल्लेख किया गया है। नरीसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि उसका छोटा भाई प्रेम घड़सीसर में शराब ठेका पर कार्य करता था, जो गांव ढाढरिया चारणान के पास सड़क पर गिरा हुआ मिला था, जिस पर पुलिस ने शव को बिना पोस्टमार्टम के ही परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## संस्कार और आध्यात्म से जुड़ा रहे परिवार : आचार्य महाश्रमण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** पहली पट्टी स्थित अमूल्यम गेस्ट हाउस में स्वर्गीय फुलदेवी घोसल की स्मृति में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और परिजनों ने उनके जीवन, व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनके योगदान पर भावपूर्ण विचार व्यक्त किए। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत जैन विश्व भारती में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण ने घोसल परिवार के सदस्यों को आध्यात्मिक संबल प्रदान किया। अपने प्रवचन में आचार्य श्री ने कहा कि व्यक्ति के जन्म के साथ ही उसकी मृत्यु का समय भी निर्धारित हो जाता है। मनुष्य जन्म लेते ही मृत्यु के सत्य को साथ लेकर संसार में आता है। मृत्यु एक शाश्वत सत्य है, जिसमें कोई अपवाद या भेदभाव नहीं है। आचार्य श्री ने धर्मग्रंथों का उल्लेख करते हुए कहा कि आत्मा अमर है, जबकि शरीर नश्वर है। इस सत्य को स्वीकार कर जीवन को धर्म, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर चलाना ही मानव जीवन की सार्थकता है। अंत में आचार्य श्री ने घोसल परिवार को सदैव संस्कार और आध्यात्म से जुड़े रहकर जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेन्द्र घोसल, प्रीति घोसल, महेंद्र घोसल, वीरेंद्र, बबीता, विमला देवी, कनक, अजीत, डॉ. सुनाली, डॉ. उर्विल, अमूल्य सहित घोषल परिवार एवं प्रमोद बैद, भागचंद बरडिया, राजेंद्र खटेड, मनोज बेगवानी, प्रवास व्यवस्था समिति सदस्य आदि मौजूद रहे।

## पीएम के अजमेर दौरे पर करणी सेना का विरोध ऐलान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित अजमेर दौरे से पहले विरोध की राजनीति तेज हो गई है। करणी सेना और सवर्ण समाज ने यूजीसी कानून के विरोध में प्रदर्शन का ऐलान किया है। संगठन ने कहा है कि प्रधानमंत्री की रैली के दौरान बड़ी संख्या में युवा काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराएंगे। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने सोमवार को मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि यूजीसी कानून को लेकर समाज में गहरी नाराजगी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर आएंगे। जहां करीब 23 हजार 500 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही रोजगार उत्सव के तहत लगभग 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दिए जाएंगे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यूजीसी कानून पर पुनर्विचार नहीं किया तो विरोध और तेज किया जाएगा। इसी मुद्दे को लेकर 8 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में देशव्यापी महाआंदोलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार राजस्थान से करीब 500 बसों सहित ट्रेन और निजी वाहनों से हजारों लोग दिल्ली पहुंचेंगे। इस आंदोलन को देश के सैकड़ों संगठनों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी से देशभर में इस कानून के खिलाफविरोध हो रहा है। स्वामी आनंद स्वरूप ने बताया कि इस मामले को लेकर याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को 19 मार्च तक जवाब देने के लिए समय दिया है। उनका कहना है कि कानून में कई खामियां हैं और इसे वापस लिया जाना चाहिए। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।



## निशानों के साथ श्रद्धालु खाटू रवाना

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** पुरानी बस्ती स्थित श्याम मंदिर से निशानों के साथ निशान यात्रा खाटू के लिए रवाना हुई। रवानगी से पहले मंदिर परिसर में मुख्य यजमान श्रीकांत हलवाई और अन्य श्रद्धालुओं ने निशान पूजन किया। इसके बाद ज्योत ली गई। ज्योत लेने के बाद महाआरती हुई। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान बाबा श्याम के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। काफी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भी निशान थामे। इसके बाद बसंती निशान हाथों में थामे डीजे पर भजनों की धुन पर नाचते गाते श्रद्धालु शहर की पुरानी बस्ती, धाबाई का टेकड़ा, मुख्य बाजार, कल्याण राय मंदिर, गांधी चौक, पुरानी तहसील रोड, कबूतरखाना बस स्टैंड से स्टेशन रोड होते हुए खाटू के लिए रवाना हुए।

## डागा बने अध्यक्ष



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में रविवार देर रात्रि को गाँधी चौक में 5 दिवसीय गींदड़ नृत्य को लेकर गाँधी चौक नृत्य कला मण्डल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निवर्तमान कोषाध्यक्ष छत्रसिंह नाई ने पिछले कार्यक्रम का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष संजय महावर ने सभी का आभार जताते हुए कमल सिंह डागा को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा व कार्यकारी अध्यक्ष पवन नाई, निर्मल सैनी को बनाया गया जिसमें उपस्थित जनों की सहमति से नवनियुक्त अध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष के लिए विनोद भाटिया, श्रवण गौड़, मनोज खडोलिया, गोपाल लावट, कालूराम तंवर, कालूराम जाट, मदन दाधीच को बनाया गया। कोषाध्यक्ष मनोज प्रजापत, सह कोषाध्यक्ष छत्र सिंह नाई, मंत्री श्रवण बारुपाल, सह मंत्री भवानी खडोलिया, मीडिया प्रभारी महेंद्र दाधीच, शिवभगवान सोनी, श्रवण आचार्य, जयप्रकाश सोनी, रामोतार पांडे को नियुक्त किया गया। संरक्षक नरपत बैद, नथमल सेठी, खीमकरण कुंडलिया, पवन बोथरा, शंकर खडोलिया, जयचंद महावर, श्यामसुंदर सोनी, संजय महावर, नंदलाल सैनी, गोविंद कठोड़, इंद्रचंद देवड़ा को बनाया गया। 5 दिवसीय गींदड नृत्य को लेकर टेंट, माइक, मिट्टी सहित अन्य अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।

# राजस्थानी लोक गायक योगेश शर्मा योगी का किया स्वागत



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर में गत सायं लोककला एवं सांस्कृतिक सरोकारों को समर्पित संस्था शिवाजी सेवा संस्थान के प्रांगण में राजस्थानी लोक गायक योगेश शर्मा योगी का स्वागत किया गया। गायक कलाकार योगी यहां होली पर्व को लेकर आयोजित एक संगीत संध्या में प्रस्तुति देने के लिए पधारे थे। इस अवसर पर गायक कलाकार योगी की ओर से राजस्थानी गीत सुनाए एवं राजस्थानी भाषा एवं लोकगीतों को संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए देश के अनेक राज्यों में जाने का अवसर मिलता है वहां पर अपनी लोक संस्कृति व भाषा को लेकर जो समर्पण भाव देखने को मिलता है, हमारे राजस्थान में कहीं ना कहीं अभाव नजर आता है। उन्होंने मायड़ भाषा राजस्थानी की संवैधानिक मान्यता की पैरवी करते हुए कहा कि सभी को इस दिशा में प्रयास करने चाहिए। इससे पूर्व संस्थान के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की ओर से लोक गायक योगी का राजस्थानी पगड़ी, शॉल, माला व दुपट्टे ओढ़ा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक जयदेवप्रसाद माली, विकास रिणवा, अशोक वर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्टू कल्पना कांत, पवन सोनी, सुभाष वर्मा, सुरेंद्र नौहाल, श्रीनिवास बील, विक्रम स्वामी, रामस्वरूप सैनी, मनीष रिणवा, हरीप्रसाद पीपलवा, दीपक डीडवानिया, नीलमणी नौहाल, अमित टाक, रामावतार धानुका, बनवारी स्वामी, रामावतार नौहाल, सिद्धार्थ पारीक, संतोष माटोलिया व बंटी धानुका आदि सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# अकाल मृत्यु के शिकार हुए जीव जंतुओं की शांति के लिए हवन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नगर स्थित कैलगिरी रोड पर संचालित राजस्थान जन मंच ट्रस्ट के पक्षी चिकित्सालय में अकाल मृत्यु के शिकार हुए जीव जंतुओं की शांति के लिए हवन और ण्मोकार जाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ता और श्रद्धालु शामिल हुए। ट्रस्ट अध्यक्ष चंद्र प्रकाश राणा और महासचिव कमल लोचन ने बताया कि पिछले दिनों संक्रांति के मौके पर सैकड़ें पक्षी पतंगों के मांझे की चपेट में आकर घायल होकर अकाल मृत्यु का शिकार हो गए, इसके साथ ही अकाल मौत का शिकार हुए अन्य जीव जंतुओं शांति के लिए यह आयोजन किया गया। इस दौरान सभी को जीवों की रक्षा करने संबंधी शपथ दिलाई गई और क्षमा याचना भी हुई। अंत में भजन संध्या का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर रमेश गंगवाल, भगवान गट्टानी, आर के अग्रवाल, वीरेंद्र मेहता, शरद कांकरिया, दिव्या पतए डॉ मनोज शर्मा समेत आने को सामाजिक, धार्मिक और, निमल वेलफेयर के लिए कार्य करने वाली विशिष्ट जन् मौजूद रहे। पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन ने बताया कि इस अवसर पर में जाने अनजाने में मानवीय कारण जो भी जीव-जंतु की मृत्यु होती है या उन्हें कष्ट होता है, उनसे क्षमा याचना की गई और उनके कल्याण की कामना की गई द्य जसवंत सिंह एंड टीम ने भजन प्रस्तुतियां दीए पं. बालकृष्ण शर्मा द्वारा हवन करवाया गया तथा गौरव चौरडिया ने णमोकार महामंत्र का जाप कराया द्यघायल बीमार पक्षियों को चिकित्सा केंद्र तक लाने के लिए सेवाभावी वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।

# राम महायज्ञ में रही वेद मंत्रों की गूंज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन के गेट नंबर-6 पर चल रहे नौ दिवसीय कोटि होमात्मक 108 कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ पूरे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ चल रहा है। महायज्ञ में प्रतिदिन 11 लाख आहुतियां समर्पित की जा रही हैं, जिससे यज्ञ स्थल पर वेद मंत्रों की गूंज और भक्ति का अनुपम वातावरण बना हुआ है। महायज्ञ के यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर डॉ. गणेश दास महाराज ने बताया कि नौ दिनों में एक करोड़ से अधिक आहुतियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह यज्ञ विश्व शांति, लोककल्याण और राष्ट्र समृद्धि की भावना से किया जा रहा है। यज्ञकर्ता सियाराम बाबा की बगीची के महंत श्री हरि शंकर दास जी महाराज वेदांती ने महायज्ञ के अंतर्गत होने वाले आध्यात्मिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार व बुधवार को संत श्री निर्मल दास महाराज द्वारा भक्तिमाल कथा का वाचन दोपहर 3 बजे से वाचन होगा। आयोजन के तहत 26 व 27 फरवरी को स्वामी राजेंद्र दास देवाचार्य जी महाराज के प्रवचन दोपहर 3बजे से होंगे। 28 फरवरी को 1008 आसनों पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं 11हजार हनुमान चालीसा के पाठ होंगे। उन्होंने बताया कि 1 मार्च 2026 को संत सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न संत-महात्मा सहभागिता करेंगे। आयोजकों ने बताया कि निर्मल दास जी महाराज की भक्तिमाल कथा का आमजन ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ रसपान किया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचकर आहुतियां अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। महायज्ञ के चलते पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उल्लास और धार्मिक चेतना का वातावरण बना हुआ है।

# डिजाइन स्टूडेंट्स आईटीडीसी सिस्टम्स डिजाइन के लिए सम्मानित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन के पांच स्टूडेंट्स को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय टूरिजम मिनिस्टर गजेंद्र सिंह शेखावत ने इंडिया टूरिज़्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन आई टी डी ऐद्ध के तहत ताज रेस्टोरेंट के लिए डेवलप किए गए उनके सिस्टम्स डिज़ाइन प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित किया। यह प्रोजेक्ट हर्ष वारियर, सुसनिथा शिवराजू, याशिका भट्ट, राशि भागरे और रितिका मलिक की एक इंटरडिसिप्लिनरी टीम ने जेकेएलयू के इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन में असिस्टेंट प्रोफेसर बिनिल मोहन की मेंटरशिप में किया था। टीम ने मिलकर ताजमहल और आईटीडीसी दोनों के लिए शुरुआती रिसर्च कीए जिससे प्रोजेक्ट के हिस्से के तौर पर प्रपोज किए गए डिजाइन इंटरवेंशन्स की नींव रखी गई। फाइनल प्रेजेंटेशन को तीन हिस्सों में बांटा गया था, जिसमें योगदान के साफतौर पर तय एरिया के साथ मिलकर काम करने का तरीका दिखाया गया था। प्रोजेक्ट का पहला हिस्सा ताजमहल से जुड़ी रिसर्च पर फोकस थाए जिसके बाद हर्ष वारियर, राशि भागरे और सुसनिथा शिवराजू ने एक सॉल्यूशन फ्रेमवर्क बनाया। दूसरे हिस्से में आईटीडीसी के लिए रिसर्च के साथ-साथ उन्हीं टीम मेंबर्स द्वारा बनाए गए सॉल्यूशन का एक डिटेल्ड सेट दिखाया गया। इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन के डायरेक्टर, बालासुब्रमण्यम ने कहा, यह सम्मान यूनिवर्सिटी के लिए गर्व का पल है और यह मुश्किल सिस्टम को सुलझाने में इंडस्ट्री से जुड़ी, रिसर्च पर आधारित डिज़ाइन एजुकेशन के असर को दिखाता है।

# शेखावाटी की धरती से उठी ओमलो की गूंज 19 अवॉर्ड जीतकर रचा इतिहास

देवेन्द्र कुमावत

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी अंचल की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म ओमलो ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। गांव, दर्द और बदलाव की संवेदनशील कहानी को पर्दे पर उतारने वाली इस फिल्म को अब तक 19 राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। फिल्म के निर्माता, लेखक व निर्देशक सोनू रणदीप हैं, जो झुंझुनूं जिले के कोलिंडा का बास निवासी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सोनू रणदीप ने अपने क्षेत्र की मिट्टी से जुड़ी सच्चाई को बड़े परदे तक पहुंचाया है। उनकी यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है। ओमलो की कहानी सात वर्षीय बालक और उसके आसपास के सामाजिक परिवेश के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में ग्रामीण जीवन की सादगी, रिश्तों की गहराई और बदलते सामाजिक मूल्यों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म केवल एक परिवार की कथा नहीं बल्कि समाज को आईना दिखाने का प्रयास है। विभिन्न फिल्म समारोहों में ओमलो को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशन और सामाजिक विषय पर आधारित प्रस्तुति जैसी श्रेणियों में सम्मान मिल चुका है। समीक्षकों ने इसकी सशक्त पटकथा, संवेदनशील निर्देशन और प्रभावशाली अभिनय की सराहना की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोनू रणदीप ने शेखावाटी की संस्कृति, बोली और परंपराओं को वैश्विक मंच पर पहुंचाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत सोच और सच्ची लगन से छोटे कस्बों से भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। ओमलो की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है और जिले में रचनात्मक गतिविधियों को नई दिशा देने का काम कर रही है।

# रंगरूड़ौ फाग उच्छब 2026 को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ क्षेत्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक सरोकारों की अग्रणी संस्था शिवाजी सेवा संस्थान की ओर से होली पर्व के उपलक्ष में चार दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के सानिध्य में व जयदेव प्रसाद माली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। संस्थान के सभा हॉल में आयोजित बैठक में चार दिवसीय संस्कृतिक समारोह को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक अशोक वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 27 फरवरी 2026 से 2 मार्च 2026 तक होने वाले चार दिवसीय आयोजन के तहत 27 फरवरी को रामगढ़ शेखावाटी टीम व शिवाजी सेवा संस्थान के स्थानीय कलाकार, 28 फरवरी को रामसीसर भेड़वालिया टीम, 01 मार्च को दोपहर अनोखी बंदोरी व सायं को लक्ष्मणगढ़ चंग व नृत्य पार्टी तथा 02 मार्च को जयपुर की टीम तथा टीम शिवाजी सेवा संस्थान के स्थानीय कलाकारों व ढप मंडलियों की ओर से लोक नृत्य एवं धमाल के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। वर्मा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से किए गये निर्णय के अनुसार संस्थान की और से दशकों से निकाली जाने वाली प्रदेश भर में लोकप्रिय बंदौरी 01 मार्च दोपहर शिवाजी सेवा संस्थान प्रांगण से निकलेगी जो कि शहर के विभिन्न मार्गों से परिक्रमा करते हुए संस्थान के प्रांगण में पहुँचेगी। बंदोरी में होली के रोचक स्वांग के साथ कालाकरों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी। वर्मा ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य है कि बंदौरी में शहर भर के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए बैठक में निर्णय किया गया है कि बंदौरी में रोचक व आकर्षक स्वांग के साथ भाग लेने वाले श्रेष्ठ कलाकारों को आकर्षक पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर शंकर लाल गुरावा, योगेश चन्द्र रूथला, पूर्व पालिकाध्यक्ष किशोरीलाल बील, कैलाश चंद्र नोहाल, मुरलीधर मंडगीरा, शान्तिलाल माटोलिया, रामोतार नोखवाल, गोविन्दप्रसाद सोनी, बनवारीलाल बील, रामस्वरूप मिटावा, हीरालाल नौहाल, पवन माटोलिया, सुभाष वर्मा, केशव पुरोहित, सुरेन्द्र नौहाल, श्रीनिवास बील, विक्रम स्वामी, महावीर पीपलवा, दिनदयाल सोनी, गणेश टांक, कन्हैयालाल माली, भरत नोहाल, जितेश पिपलवा,

रामावतार धानुका, मयंक नौहाल, पवन सोनी, राजेन्द्र नोहाल, अभिषेक व्यास, विनोद नौहाल, हिरालाल सोनी, कौटिल्य पारीक, रामकिशोर नोहाल, अमीत सैनी, ललीत सोनी, रामकिशन माली, लक्ष्मण सोनी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

# समाजसेवी शर्मा ने 2 बीघा भूमि गौशाला को दान की



**बुगाला ( नवयत्न )।** बुगाला स्थित पंडित गणेश नारायण नेतभोमिया सुरभि गौशाला को समाजसेवी अशोक शर्मा व उनकी धर्मपत्नी विनीता शर्मा पुत्र बनवारीलाल शर्मा ने अपने दादा उमादत्त शर्मा की यादगार में 2 बीघा भूमि दान कर सराहनीय पहल की है। अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया व विजयपाल सिंह ने बताया कि भूमि दान से गौशाला के विस्तार और गौसेवा कार्यों को नई गति मिलेगी। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बढ़ती गौसंख्या और व्यवस्थाओं के विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अशोक शर्मा द्वारा की गई इस उदार पहल से चारे की व्यवस्था, शेड निर्माण और अन्य सुविधाओं के विकास में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर गौशाला प्रबंधन समिति ने अशोक शर्मा का सम्मान किया तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सहयोग से ही गौसेवा जैसे पुनीत कार्य सफल होते हैं। ग्रामीणों ने भी भूमि दान को प्रेरणादायक कदम बताते हुए अन्य लोगों से भी गौशाला के विकास में सहयोग करने की अपील की। इसके अलावा धापादेवी पत्नी जगदीश प्रसाद बड़सरा व उनके पुत्रों, पुत्री व पुत्र वधु ने एक बीघा जमीन गौशाला को दी। इस दौरान लेखाकार महेंद्र सिंह बुगालिया, कैप्टन महेश बुगालिया, महेंद्र केडिया, हरिराम जांगिड़, महीपाल कुमावत, बच्चन सिंह राइका सहित कमेटी के अनेक कार्यकर्ता एवं गौभक्त उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची किसान सभा की टीम

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ उपखंड कार्यालय पर 25 फरवरी को प्रस्तावित किसान महापंचायत को प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किसान संपर्क अभियान चलाकर किसानों को महापंचायत में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। जनसंपर्क यात्रा का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष कॉमरेड भादर भामू ने किया। उनके साथ सचिव गोपीचंद खीचड़, बिरजूराम, कालूराम नाई, विजयपाल कड़वासरा, श्रवण मेघवाल, जाबिर खान और रामकिशन भामू भी शामिल रहे। टीम ने किसानों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें एकजुट होकर अपनी मांगों के लिए आगे आने का आह्वान किया। यह संपर्क यात्रा बंडवा से शुरू हुई जो बीनादेसर, बलरामपुरा, सिकराली, हामुसर, पाबूसर, हंसासर, गोलसर, नौसरिया, चांपावासी, गोपालपुरिया, बरजांगसर, जैतासर और भानुदा सहित कई गांवों तक पहुंची। किसान नेताओं ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में किसानों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए संगठित होना जरूरी है। किसान सभा ने सभी किसान साथियों से 25 फरवरी को उपखंड कार्यालय पहुंचकर अपनी एकता और ताकत का परिचय देने की अपील की।

# अमायरा आत्महत्या के मामले पुलिस ने स्कूल प्रबंधन व प्रिंसिपल समेत शिक्षिका को माना दोषी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर इलाके में नीरजा मोदी स्कूल में गत 1 नवम्बर 2025 को 9 वर्षीय छात्रा ने स्कूल परिसर में चौथी मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। जिसके बाद पुलिस ने उचित जांच करते हुए चार्जशीट तैयार कर ली । जिसे पुलिस सोमवार को न्यायालय में पेश कर किया। पुलिस ने अपनी जांच-पड़ताल में स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल और शिक्षिका को दोषी माना है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि 9 वर्षीय बच्ची अमायरा के आत्महत्या के मामले मृतका के पिता विजय मीणा एमुरलीपुरा निवासी की शिकायत पर स्कूल प्रशासन के खिलाफमामला दर्ज किया था। जिसकी जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने नीरजा मोदी स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल इंदु दुबे और शिक्षिका पूनिता शर्मा सहित अन्य सदस्यों को आरोपी बनाया गया है। जांच में सुरक्षा इंतजामों और घटना के बाद उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई, जिसमें कई चूक सामने आईं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 106 के तहत लापरवाही से मृत्यु कारित करने और धारा 238 के तहत साक्ष्य मिटाने या भ्रामक जानकारी देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि इन धाराओं को जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर जोड़ा गया है। राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि अमायरा के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । जिसके बाद एफएसएल विश्लेषण और स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच की गई।



# सविता राठी ने लिया ग्राम संसद सरपंच संवाद में भाग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जयपुर के मेरियट होटल में आयोजित हुए ग्राम संसद सरपंच संवाद में निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने कहा कि आज ग्रामीण युवा को खेती के लिए आकर्षित करने की आवश्यकता है। साथ ही 15 साल तक के बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि ग्रामीण सुधार की मुख्य धुरी ग्राम पंचायत है, जिसे सरपंच को सकारात्मक रवैए के साथ विकसित करना होगा। पद्मश्री प्राप्त पिपलांत्री के पूर्व सरपंच पालीवाल ने कहा कि पंचायत राज में सबसे शक्तिशाली पद सरपंच का है, जिसे पारदर्शिता के साथ निभाना होगा। ग्राम संसद के महासचिव अखिल द्विवेदी ने कहा कि राजस्थान के कमजोर वर्ग के डेढ़ लाख विद्यार्थियों को फ्लिकी रास की कोचिंग नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। साथ ही एसआरके हॉस्पिटल के निशुल्क शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में लगभग 300 जनप्रतिनिधि एवं कॉरपोरेट्स ने भाग लिया।

# अनूठी शादी बनी क्षेत्र में चर्चा का विषय सगाई समारोह में बना शादी का मंडप



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले में दो दिन पूर्व हुई एक ऐसी शादी जो जिले में चर्चा में बनी हुई है, चूरू जिले के सादुलपुर की यह अनूठी शादी ने दहेज प्रथा को लेकर अनूठी मिशाल कायम की है। यह शादी चर्चा में इसलिए थी कि यहां दुल्हा पक्ष के लोग दुल्हन को देखने के लिए गए और बिना किसी लोकाचार के एवं बिना दहेज के दुल्हन को उसी वक्त घर ले आए। दुल्हा एव दुल्हन पक्ष के लोगों का कहना है कि दहेज प्रथा को रोकने के लिए शुरुवात खुद से ही करनी पड़ती है, आज के युग में जहां लोग शादी समारोह में लाखों करोड़ों खर्च करते है तथा लाखों का दहेज देकर वाही वाही लूटते है ऐसे में एक साधारण परिवार के लिए बहुत बड़ी चुनौती बना जाती है। जब धनाढ्य लोग दहेज प्रथा को त्याग कर साधारण और बिना खर्चा किए शादी करते है तो यह आमजन में सकारात्मक संदेश जाता है। जिले राजगढ़ निवासी रमेश कुमार प्रजापत के पुत्र उत्तम प्रजापत ने राजगढ़ तहसील के गांव खुड़ी निवासी राम सिंह प्रजापत की सुपुत्री सपना के साथ ही सगाई समारोह के दौरान उसी वक्त बिना दहेज के विवाह की रस्म पुरी की है। जो क्षेत्र में सकारात्मक चर्चा का विषय बनी हुई है। इस शादी में ना बाहरी लोगों का दिखावा और नहीं फिजूल का खर्चा किया गया है। ऐसे में इस शादी ने दुल्हा दुल्हन ही नहीं, बल्कि उनके परिवार के लोगों का भी सम्मान समाज में बढ़ाया है। इस शादी को लेकर लोगों ने सराहना करते हुए अनूठी मिशाल बताया है। समाजसेवी चन्द्रा राम गुरी एवं समाजसेवी चुन्नी लाल गुरी की प्रेरणा से हुए इस सामरोह में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की धर्मपत्नी चांद कंवर सहित भाजपा के कई नेता मौजूद रहे। आपको बता दे कि दुल्हन बनी सपना की शिक्षा एमएससी और दुल्हा उतम प्रजापत भी एमएससी शिक्षा लेकर जयपुर में होटल के मैनेजर है। दुल्हा दुल्हन दोनों की यह पहल युवा पीढ़ी के लिए एक अच्छी पहल एवं प्रेरणा बनेगी। समाजसेवी चंद्राराम गुरी ने बताया कि परिवार एवं लड़का लड़की से इस सगाई समारोह को शादी में तब्दील करने की बात की तो सभी राजी हो गए और उन्होंने इस सगाई समारोह को शादी में मंडप बना दिया। बिना दहेज और लोकाचार के हुई शादी की सभी लोग सराहना कर रहे है।



# बालाजी महाराज की रजत मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नं. 15 स्थित सचेती माता मंदिर में बालाजी महाराज की रजत मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर परिसर में रंग बिरंगे रोशनी एवं फूल मालाओं से विशेष सजावट की गई। पंडित प्रमोद पुजारी के आचार्यत्व में पाँच विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा करवाई जिसमें शिलाँग प्रवासी विनोद चौखानी बतौर यजमान पूजा अर्चना करवाई। बालाजी महाराज की आरती कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व कलश यात्रा निकालकर मूर्ति का नगर भ्रमण के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सचेती माता मन्दिर से रवाना होकर गोपीनाथ मंदिर, बावलिया मंदिर गढ़ के सामने से मंदिर पहुँची। इस अवसर पर सुशील मोदी, अशोक मोदी, राकेश मोदी, मुकेश मोदी, अशोक सुरोलिया, राकेश गुर्जर, बाबूलाल मुरारका, पवन पचलँगिया, दिनेश बेरीवाला सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# भामस कल धरना कर मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम सौंपेगा ज्ञापन

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा केंद्रीय एवं राज्य बजट वर्ष 2026-27 में श्रमिकों की मांगों की उपेक्षा के विरोध में 25 फरवरी को देशव्यापी धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। देशभर के जिला मुख्यालयों पर श्रमिक वर्ग एकत्रित होकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करेगा। संघ का कहना है कि केंद्र एवं राजस्थान सरकार के बजट में श्रमिकों, कर्मचारियों, आंगनवाड़ी, आशा, संविदा, ठेका एवं असंगठित क्षेत्र के कामगारों की समस्याओं की अनदेखी की गई है। साथ ही श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, नए श्रम संहिताओं में संशोधन, न्यूनतम मजदूरी को केंद्र के समकक्ष करने, ईपीएफ-ईएसआईसी की वेतन सीमा बढ़ाने, ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन में वृद्धि, बोनस एवं ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाने तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कल्याणकारी बोर्डों के गठन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी आवश्यक प्रावधान नहीं किए गए हैं। धरने के उपरांत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन संबंधित जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं तथा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं का संतुष्टि स्तर बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सीएमओ प्रकरणों में संबंधित विभाग तथ्यात्मक एवं संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय, राज्य मानवाधिकार आयोग सहित विद्युत, ऊर्जा एवं चिकित्सा विभाग से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। एडीएम शहर भावना शर्मा ने कहा कि रिप्लाई में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा पीएचईडी सहित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। जिला कलेक्टर शर्मा के निर्देशानुसार समस्त जिला स्तरीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर कोई भी परिवेदना 30 दिन से अधिक लंबित न रहे। जिला कलेक्टर शर्मा ने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला रसद विभाग को गिवअप अभियान में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। कुसुम योजना, लाडो योजना में सीएचसी एवं पीएचसी में लक्ष्य पूर्ण करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में नगर परिषद आयुक्त, समस्त नगर पालिकाओं के अधीशाषी अधिकारियों से समन्वय कर लक्ष्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए ताकि गरीब के आवास का सपना पूरा हो सके। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में ऋष्ण स्वीकृति की प्रभावी कार्यवायी करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रतन कुमार ने निर्देश दिए कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी विधानसभा सत्र के दौरान पूछे गए प्रश्नों के उत्तर समयबद्ध रूप से भिजवाने एवं इस दौरान सजग-सतर्क रहने के निर्देश भी दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को यूडीआईडी कार्ड कार्य में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को पेंशन सत्यापन कार्य विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने 20 सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम की समीक्षा में सार्वजनिक निर्माण विभाग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संशोधित प्लान भिजवाने के निर्देश दिए गए। एडीएम सिटी भावना शर्मा ने लाइट्स पोर्टल में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, अजमेर विद्युत वितरण निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग को जवाबनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिला कोषाधिकारी विक्रम सिंह ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कार्मिकों के पेंशन प्रकरण समय पर भिजवाने के निर्देश दिए, ताकि सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को समय पर पीपीओ जारी किया जा सके। सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया ने जिले में संचालित खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को अपेक्षित सहयोग करने के निर्देश दिए। बैठक में एसीईओ जिला परिषद सीकर शीशराम यादव, एलडीएम नंदलाल, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सजग लाडो अभियान अंतर्गत नारी चौपाल आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** ब्लॉक फतेहपुर की विभिन्न ग्रामपंचायतों में सजग लाडों अभियान अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा नारी चौपाल का आयोजन सोमवार को किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के ब्लॉक पर्यवेक्षक तारा चन्द जान्दु ने बताया की ब्लॉक फतेहपुर के प्रत्येक ग्रामपंचायत में विभाग की साथिनों द्वारा स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओ मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना, कालीबाई भील उडान योजना, कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना, सखी वन स्टाप सेंटर, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, महिला संरक्षण से संबंधी कानूनों, बाल विवाह रोकथाम, घूंघट प्रथा रोकथाम आदि पर जानकारी देने के लिए नारी चैपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत ठिमोली, दीनवा लाडखानी, बैसवा, बलोद भाकरा, नबीपुरा, तिहावली एवं अठवास में महिला अधिकारिता विभाग की साथिनों सुमन शर्मा, सरोज देवी, सुशीला, चूंकी कुमारी, संतोष देवी, संतरा देवी एवं ममता देवी द्वारा महिलाओ एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए नारी चौपाल का आयोजन कर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया, साथ ही नारी चौपाल के आयोजन के दौरान ही बालिका जन्मोत्सव के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्रामपंचायत में बालिकाओं का जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जन्मोत्सव में बालिकाओं से केक कटवाकर बालिकाओं एवं उनकी माताओं को उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। नारी चौपाल आयोजन का मुख्य लक्ष्य समाज की प्रत्येक महिला व बालिका तक उनके लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी पहुंचाई जा सके तथा उनकों उससे लाभान्वित करवाया जा सकें, जिससे महिला सशक्तिकरण का लक्ष्य प्राप्त कर सशक्त समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकें।

## गौरवमयी व गरिमापूर्ण ढ़ंग से आयोजित हो ईएसएम रैली : सुराणा

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार आपणी योजना में चूरू जिला मुख्यालय पर 08 मार्च को प्रस्तावित ईएसएम एक्स-सर्विसमैन रैली को लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए विस्तृत निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ईएसएम रैली का आयोजन गौरवमयी एवं गरिमापूर्ण ढंग से किया जाए। आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था में अनुशासन, संवेदनशीलता और सम्मान का भाव हो। रैली में आने वाले पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि रैली स्थल पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इसी के साथ सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा चिकित्सा, पेयजल एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को समुचित दायित्व सौंपते हुए कहा कि विभागों के बीच मजबूत समन्वय रहे तथा समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। एसपी जय यादव ने कहा कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रखी जाए। सभी विभागीय अधिकारी कार्मिकों के पास आदि के लिए समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करें। ब्रिगेडियर रणजीत सिंह संधू ने ईएसएम रैली के दौरान सभी विभागों से अपेक्षित सहयोग का आग्रह करते हुए आयोजन की जानकारी दी तथा सैन्य अधिकारियों व प्रशासन के सहयोग से सफलतम आयोजन की बात कही। कर्नल संदीप पानीग्राही ने आयोजन के दौरान सभी गतिविधियों व विभागों से अपेक्षित सहयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कालरीपायट्टू, सिलमबट्टम, हॉट एयर बैलून, डॉग शो, गटका, पाइप बैंड, मलखंभ, फ्लाईपास्ट बाई एएलएचध् डब्ल्यूएसआई व ईक्विपमेंट डिस्प्ले सहित आयोजन की जानकारी दी। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी सतपाल सिंह, डीटीओ नरेश कुमार बसवाल, सानिवि एसई पंकज यादव, लेफ्टिनेंट कर्नल, रंजन सहित अन्य अधिकारी भी बैठक मौजूद रहे।

# बकाया बीमा क्लेम सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर किसान महापंचायत

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा की ओर किसानों व लोगों की 18 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को तहसील कार्यालय के आगे विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। किसान सभा के प्रदेश सदस्य कॉमरेड निर्मल कुमार प्रजापत व जिला मंत्री कॉमरेड उमराव सहारण ने किसानों को सम्बोधित करते हुए सरकार से 2017 से सभी बकाया फसल बीमा क्लेम देने, एसएसटी पॉईन्ट से क्रॉप कंटीग न करके रेण्डम प्रणाली से क्रॉपकटिंग करने, मनरेगा कानून को पून बहाल करने, 1200 दिन काम व 600 रुपये दैनिक मजदूरी देने, नरेगा मेट का पंजीयन ऑन लाईन करने, सिद्धमुख तहसील को आधार मानकर रबी फसल 2024-25 का क्लेम देने, गारन्टी उपज व क्रॉपकटिंग सार्वजनिक करने, स्मार्ट मीटरों को लगाने पर रोक लगाने, 765 केवी लाइनों में अवाप्त भूमी का बाजार मूल्य से 4 गुना मुआवजा देनेए चौधरी कुम्माराम नहर का घटाया गया रकबा वापिस जोड़ने, वंचित लोगों को 100 यूनिट की बिजली में शामिल करने, बैलों की ब्रिकी पर रोक हटाने व पशु मेला पुनः शुरु करने, चौधरी कुम्भाराम नहर के पटड़े में 2 करोड़ के घपले की जाँच कराने तथा भ्रष्ट अफसरों व शामिल अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा नहर निर्माण में घटिया सामग्री पर रोक लगाने, सरकारी कार्यालयों में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, सभी संस्थानो में मिड-डे मील में ठेका प्रथा बंद करने, एमएसपी का कानून बनाने तथा सभी किसानों को कर्ज मुक्त करने, नये बीज कानून पर रोक लगाने, जल जीवन मिशन में घटिया सामग्री व घपलों की सीबीआई से जांच कराने, गावों में आबादी भूमी का विस्तार कराने तथा सरकारी भूमी में बसे लोगों को आवासीय पट्टे देने, प्राइवेट फाइनेंस कम्पनीयों की लूट पर रोक लगायी लगाने तथा आरबीआई गाईडलाईन के अनुसार ऋण वसूलने, चौधरी कुम्भाराम नहर के सभी माईनरों में सिचाई के लिए पुरा पानी छोड़ने तथा नये माईनरो का रेगुलेशन तय करने आदि 18 सूत्री मांगो का निराकरण करने की मांग की। महापंचायत को किसान सभा के तहसील अध्यक्ष पूर्णाराम सरावग, चिमना राम पांडर, विक्रम सोनी, रामस्वरूप सहारण, नितेश उपाध्याय, भोजराज महला, सुमन प्रजापत, राजू सहारण, बाबूलाल दर्जी, गोपीराम पुरोहित, इमिलाल नायकए कुणण बरोड़, अशोक शर्मा, मांगीलाल बिलियां आदि ने भी सम्बोधित किया। महापंचायत के दौरान किसान सभा के पदाधिकारियों की तहसील कार्यालय में एसडीएम राजेन्द्र कुमार, तहसीलदार हनुमानसिंह व बीमा कम्पनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ वार्ता हुई। वार्ता के दौरान किसान सभा के पदाधिकारियों ने मांगों का निराकरण करने की मांग की जिस पर वार्ता के दौरान कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी व अन्य मांगों का निराकरण करवाने का आश्वासन दिया गया।

सम्पूर्ण मांगों पर सहमति नही बनने पर किसानों ने महापंचायत में 13 मार्च को जिलेभर में रेल रोको आंदोलन करने का फैसला लिया। किसान महापंचायत को लेकर तारानगर सीआई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में मौके पर पुलिस जाप्ता तैनात रहा। किसान महापंचायत में तारानगर तहसील भर से सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## 1.86 करोड़ की सीसी सड़क का हुआ शिलान्यास



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विधानसभा क्षेत्र झुंझुनू में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक राजेंद्र भाम्बू ने एफसीआई गोदाम से हवाई पट्टी तक लगभग 1 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सीसी सड़क का विधिवत शिलान्यास किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक भाम्बू ने कहा कि झुंझुनू क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि एफसीआई गोदाम से हवाई पट्टी तक यह सड़क बनने से न केवल स्थानीय निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी बल्कि कृषि उपज के परिवहन, व्यापारिक गतिविधियों और आपातकालीन सेवाओं में भी सुगमता आएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। भाम्बू ने भरोसा दिलाया कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए हर वार्ड और हर ढाणी तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झुंझुनूं के समग्र विकास के लिए इस प्रकार के बुनियादी ढांचे के कार्य अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सड़क निर्माण क्षेत्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर झुंझुनू के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

## स्वरोजगार ऋण योजनाओं का आमजन को मिले अधिकतम लाभ : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की ऋण योजनाओं व बैंकिंग सेवाओं की समीक्षा करते हुए बैंकर्स को समुचित निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि आमजन को स्वरोजगार हेतु विभागीय ऋण योजनाओं के माध्यम से अधिकतम लाभान्वित किया जाए। स्वरोजगार को बढ़ावा देना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित ऋण योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को समय पर एवं पारदर्शी तरीके से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंक स्तर पर विभिन्न योजनाओं में प्राप्त ऋण प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। इसी के साथ बैंक शाखाएं विभागों के साथ समन्वय बनाकर विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें। इसी के साथ वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुदृढ़ करें। एनआरएलएम अंतर्गत कृषि, पशुपालन, महिला सशक्तिकरण व स्वरोजगार से जुड़े आवेदनों में त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैंक व विभागीय अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से एग्री इन्फ्रा को सुदृढ़ किया जाए। जिला कलक्टर ने विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धियों की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा अन्य विभागीय योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत एवं लंबित प्रकरणों पर चर्चा की। बैठक में वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज निर्माण को बढ़ाने, पीएमईजीपीए बीआरयूपीवाई, पीएम विश्वकर्मा, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन, एनआरएलएमए पीएम स्वनिधि, वित्तीय समावेशन, आरसेटी द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, वसूली सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। आरबीआई से अखिलेश तिवारी ने डिजीटल फ्रॉड से बचने हेतु आमजन को जागरूक करने, वित्तीय साक्षरता की दिशा में कार्य करने की बात कही। नाबार्ड एजीएम जीएल निर्बाण ने झींगा पालन को बढ़ावा देने, फिशरिज एफपीओ, वेयरहाउसिंग व कोल्ड स्टोरेज के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पर जोर दिया। एलडीएम राहुल गोले ने बैठक का संचालन करते हुए जिले में कार्यरत बैंकों के ऋण-अनुपात, वार्षिक साख योजना के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति, राजकीय ऋण योजनाओं के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति, स्वयं सहायता समूहों को ऋण, वित्तीय समावेशन सहित बिन्दुओं की जानकारी दी। इस दौरान एसीईओ भागचंद खारिया, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल शर्मा सहित अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

# खाटूश्यामजी मेले में सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल खाटू श्याम मंदिर में आयोजित हो रहे भव्य फागुन मेले के दौरान इस बार एक अनूठी पहल की गई है। राजस्थान पुलिस और सीकर पुलिस द्वारा श्री खाटूश्यामजी मेला सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालु पुलिस की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और सहयोग के साथ अन्य सुंदर पलों को कैमरे में कैद कर साझा कर सकेंगे। सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार मेले में पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, महिला सहायता, चिकित्सा समन्वय एवं श्रद्धालुओं के नियंत्रण के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी श्रद्धालु को मेले में पुलिस की बेहतर व्यवस्थाए ड्यूटी पर तैनात किसी पुलिसकर्मी द्वारा किसी भी श्रद्धालु को की गई मदद या पुलिस-प्रशासन के इंतजामों से मिली राहत-सुविधा से संबंधित कोई भी क्षण दिखाई दे, तो वह उस पल की सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर सकता है।

### 100 बेस्ट सेल्फी को मिलेगा पुरस्कार

एसपी नूनावत ने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी सेल्फी के साथ को टैग करते हुए और शटैग लगाना होगा। प्राप्त प्रविष्टियों में से चुनी गई 100 श्रेष्ठ सेल्फी को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

विजेताओं को खाटू श्याम बाबा की आकर्षक तस्वीर, प्रसाद तथा राजस्थान पुलिस की ओर से प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। जिले से बाहर के विजेताओं को डाक से पुरस्कार व प्रशंसा पत्र भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य श्रद्धालुओं और पुलिस के बीच विश्वास, सहयोग और सकारात्मक संवाद को प्रोत्साहित करना है। पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। यह प्रतियोगिता उसी साझेदारी का प्रतीक है। खाटूश्यामजी मेले में इस नवाचार से जहां श्रद्धालुओं को सहभागिता का अवसर मिलेगा, वहीं पुलिस और आमजन के बीच विश्वास की डोर और मजबूत होगी।

उन्होंने मेले से संबंधित प्रमाणिक जानकारी के लिए श्रद्धालुओं से आधिकारिक पुलिस पेज को फॉलो करने की अपील भी की है और कहा है कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9667600788 एवं पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

## कनक बिहारी का पाटोत्सव मनाया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली रोड गलतागेट स्थित श्री कनक बिहारी जी का 42वा पाटोत्सव भक्ति भाव से महंत सियाराम दास महाराज के सानिध्य में मनाया गया । मंदिर प्रवक्ता पंडित राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि साकेत वासी नारायण देवाचार्य महाराज, त्रिवेणी धाम खोजीचार्ज राम रिछपाल देवाचार्य महाराज त्रिवेणीधाम की अध्यक्षता में भव्य उत्सव संत सम्मान समारोह आयोजित हुआ । पाटोत्सव मे पधारे संत महंतों का महंत सियाराम दास महाराज ने माला दुपट्टा प्रसाद शोल उड़ाकर स्वागत सम्मान किया । इससे पूर्व प्रातः काल की बेला में मंत्रोच्चारण के साथ ठाकुर जी का 81 दिव्य कलशो से पंचामृत अभिषेक और विभिन्न तीर्थ के जल से ठाकुर जी का अभिषेक हुआ नूतन नवीन पोशाक धारण कराकर फुल बंगला झांकी लड्डुओ का भोग लगाया । विभिन्न मंडलों द्वारा बधाई गान उछाल का आयोजन हुआ। इस मौके पर फाग महोत्सव भी मनाया गया। आयोजन मे सर्वप्रथम जयपुर के संत समाज ने प्रसादी पाई। संत महंतों के सानिध्य में ठाकुरजी की महाआरती हुई ।

## कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान तथा जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बेरोजगार युवा आशार्थियों के लिए मंगलवार, 24 फरवरी, 2026 को सवेरे 9:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चूरू में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया जाएगा। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में राज्य के 10 वीं उत्तीर्ण तथा आईटीआईए पॉलीटेक्निक, बीटेक आदि तकनीकी योग्यता प्राप्त शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को पुखराज हेल्थ केयर प्राण्लिए, प्रथम ऐज्यूकेशन फाउण्डेशन प्राण्लिए, जेब्रस इंडिया ओपीसी प्रा. लि. सीआईआई एमसीसीए यूनाइटेड इण्डिया इंश्योरेंश प्रालि. स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, इनोविजन लिमिटेड, कंफर्ट सॉल्यूशन, एनएसएसएस सिक्योरिटीज प्रा. लि. इत्यादि निजी क्षेत्र कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से लगभग 1000 रिक्त पदों के विरूद्ध बेरोजगार आशार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वरोजगार, ऋण योजना तथा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जिला उद्योग केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला अधिकारिता विभाग, आरएसएलडीसी विभाग, अनुजा निगम द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेरोजगार आशार्थी अपने मूल शैक्षणिक, फोटोयुक्त पहचान पत्र दस्तावेज मय प्रतिलिपि व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये आशार्थी जिला रोजगार कार्यालय, चूरू में सम्पर्क किया जा सकता है।

## जागरण आज

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री नाथजी सिगड स्वर्णकार सभा के तत्वाधान मे श्री नाथ जी की बगीची वार्ड नंबर29 में मंगलवार रात्रि को विशाल जागरण का आयोजन किया गया है जिसमे शानदार भजनो की प्रस्तुति होगी एवं बुधवार सुबह से विशाल भडारे का आयोजन होगा जिसमे समस्त भक्तजन को प्रसाद दिया जायेगा।

# एआई समिट विवाद पर महिला मोर्चा का विरोध-प्रदर्शन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कथित अर्धनग्न प्रदर्शन को लेकर सियासत तेज हो गई है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय का घेराव करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता दोपहर करीब 12 बजे चांदपोल बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर एकत्रित हुईं।

यहां कांग्रेस को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की गई। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय की ओर मार्च शुरू किया। हालांकि संसार चंद्र रोड पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच कुछ देर धक्का-मुक्की भी हुई। स्थिति को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल और महिला कांस्टेबल तैनात किए गए थे। महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ ने आरोप लगाया कि एआई समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के व्यवहार से देश की छवि खराब हुई है। उन्होंने कहा कि विदेशी मेहमानों के सामने इस तरह का प्रदर्शन भारतीय संस्कृति के खिलाफ है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। पुलिस की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी वहीं धरने पर बैठ गए और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। कुछ समय बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया।

## इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में प्रिंस के विद्यार्थियों को 206 पदक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस एजुकेशन हब के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 206 पदक जीते हैं। विद्यार्थियों द्वारा हासिल पदकों में 82 गोल्ड, 85 सिल्वर एवं 39 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। साइंस ओलंपियाड का उद्देश्य साइंस में दक्षता व ज्ञान के परीक्षण के साथ-साथ साइंटिफिक एप्टीट्यूड, क्रिटिकल थिंकिंग, इनोवेशन व इन्वेंशन एबिलिटी डेवलप करना है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन सहित प्रबंधन सदस्यों व शिक्षकों ने पदक विजेता विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

## जरूरतमंदों को फल, राशन और दवाइयों का वितरण




**जयपुर ( नवयत्न )।** सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए नृत्यम फाउंडेशन की ओर से नव चेतन संस्था में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों और बच्चों को फल, बिस्किट, दवाइयाँ, राशन सामग्री तथा बच्चों के लिए हाइजीन से जुड़े उत्पाद वितरित किए गए।

फाउंडेशन की संस्थापक काजल सैनी ने बताया कि समाज के सहयोग से ऐसे सेवा कार्य नियमित रूप से किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंच सके। इस कार्यक्रम में भामाशाहों और सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। जिनके सहयोग से सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था से जुड़े लोगों ने जरूरतमंदों की मदद को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया। बच्चों और जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सामग्री मिलने पर उनके चेहरों पर खुशी दिखाई दी। फाउंडेशन ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज से आगे भी ऐसे मानवीय कार्यों में भागीदारी की अपील की।

## जोधपुर डिस्कॉम का राजस्व वसूली अभियान तेज

**नोखा ( नवयत्न )।** जोधपुर डिस्कॉम, नोखा का राजस्व वसूली अभियान जारी है। बकाया बिजली बिल के कनेक्शन काटे जा रहे है तथा ट्रांसफार्मर उतारे जा रहे हैं। सोमवार को सहायक अभियंता रिकवरी अशोक डूडी के नेतृत्व में राजस्व वसूली टीम ने नोखा शहर में बकाया के चलते 21 घरेलू कनेक्शन काटे गए। सहायक अभियंता प्रमोद बारूपाल व कनिष्ठ अभियंता धरेंद्र धवन के नेतृत्व में पाँचू क्षेत्र के धरनोक व रातड़िया में 4 ट्रांसफार्मर उतारे गए। राजस्व वसूली अभियान में सहायक अभियंता द्वारा अलग अलग टीमें बनाई गई है ताकि समय अभियान को गति मिले व अभियान सफल हो।

# श्री श्याम फाल्गुन मेला 2026



## दिनांक 21 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक

### सुरक्षा व्यवस्था



- मेला क्षेत्र में कुल 10000 सुरक्षाकर्मी, होमगार्ड, सिक्योरिटी गार्ड एवं स्वयं सेवक
- कुल 22 पुलिस सेक्टर व 1 प्रशासनिक सेक्टर
- सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 400 से अधिक CCTV कैमरों व 06 ड्रोन से निगरानी
- 14 दर्शन कतारों में DFMD व बैगेज स्कैनर मशीन से सुरक्षा जाँच
- 20 पुलिस व प्रशासन सहायता केन्द्र

### सफाई व्यवस्था



- सफाई व्यवस्था हेतु 600 सफाई कर्मी एवं कचरा निस्तारण हेतु 30 ट्रेक्टर व ट्रॉली, 10 ऑटो टीपर जिनकी 24x7 सेवायें
- 500 अस्थायी शौचालयों व 10 सुलभ कॉम्प्लेक्स व 200 कैमिकल टॉयलेट व 100 यूरिनल की व्यवस्था

### रोशनी व्यवस्था



- 41 स्थानों पर अस्थायी अतिरिक्त विद्युत कनेक्शन तथा 35 साउंडप्रूफ जनरेटरों की व्यवस्था।

### पेयजल व्यवस्था



- पर्याप्त पेयजल व्यवस्था एक करोड़ से अधिक पानी के पाऊच, 20 पानी के टेंकर, 2000 लीटर क्षमता की 25 पानी की टंकियों व 06 स्थानों पर जल मंदिर

### चिकित्सा सुविधा




- 16 मेडिकल कैम्पस, 3 कंटीजेन्सी अस्पताल लखदातार ग्राउण्ड निकास, जनता क्लिनिक, लामिया PHC जिसमें निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, उपचार एवं जाँच व्यवस्था 24x7 रहेगी
- 31 एम्बुलेंस कि व्यवस्था 24x7 रहेगी

### सुगम व सुलभ आवागमन

**कुल 450 बसें, 62 ट्रेन व 10 मेला स्पेशल ट्रेन, 50 शटल बस एवं 400 ई-रिक्शा**



- जयपुर सीकर हाईवे से आने वाले छोटे वाहन शाहपुरा होते हुए 52 बीघा पार्किंग में प्रवेश और मण्डा रोड़ से निकास
- जयपुर-सीकर हाईवे से आने वाले बड़े वाहन यथा कॉन्ट्रेक्ट बस, ट्रेक्टर-ट्रॉली व मिनी बस पलसाना रोड़ से होते हुए सांवलपुरा पार्किंग स्थल तक व निकास अलौदा गोवटी रोड़
- जयपुर रेनवाल रोड़ से आने वाले सभी प्रकार के वाहन सीतारामपुरा जोहड़ी पार्किंग स्थल तक
- रींगस से खाटू रोड़ केवल पैदयात्री मार्ग। इस रोड़ से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित (No Vehicle Zone)
- नोटः सभी पार्किंग निःशुल्क

नोटः नगर पालिका के पास रैन बसेरा कि व्यवस्था

- सांकेतिक गुब्बारों के जरिए श्याम भक्तों को मेला-व्यवस्थाओं की जानकारी (पार्किंग, अस्पताल, मेला ग्राउन्ड व अन्य)

### मंदिर दर्शन व्यवस्था



- रींगस रोड डायवर्जन से चारण खेत होते हुए लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर
- मांगीराम धर्मशाला से सैलानियों की ढाणी होते हुए लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर
- जयपुर रेनवाल से आने वाले भक्तगण सीतारामपुरा जोहड़ी होते हुए चारण खेत लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर

### विशेष सूचना

1. मेला अवधि में वी.आई.पी. दर्शन की सुविधा पूर्णतः बन्द रहेगी।
2. डी.जे. पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।
3. इत्र की शीशी व काँटेदार फूल मंदिर में साथ लेकर आना वर्जित है।
4. निशान/ध्वजा 8 फिट से अधिक उँचाई की नहीं हो।
5. किसी भी वाहन को पार्किंग से खाटू कस्बे में आने की अनुमति नहीं होगी।

खाटू कस्बा मेला अवधि में नो-व्हीकल जोन घोषित।

**भक्तों की राह सुगम और सुलभ करने के लिए मंदिर प्रन्यास एवं प्रशासन की ओर से नवाचार**

मेले से संबंधित सभी जानकारी के लिए

**QR कोड Scan करें**



शक्ति सिंह चौहान (अध्यक्ष)



मानवेन्द्र सिंह चौहान (मंत्री)



रवि सिंह चौहान (कोषाध्यक्ष)

**सदस्यः- गोपाल सिंह चौहान, कालू सिंह चौहान, इन्द्र सिंह चौहान, राजवेन्द्र सिंह चौहान**

## श्री श्याम मंदिर कमेटी(रजि.) खाटूश्याम जी, जिला सीकर (राज.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190